# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 14 मई 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-01 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 249 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028




4 ▸▸ जयचंदो से सावधान रहने की जरुरत

दोस्ताना 2 से बाहर हो गयी जान्हवी कपूर ◂◂ 6

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक आज

# सुरक्षा हालात की होगी समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल ही में युद्धविराम पर हुई सहमति के बाद बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पाकिस्तान के साथ तनाव कम होने के बाद यह पहली पूर्ण मंत्रिमंडल बैठक है। इस बैठक में भारत की संघर्ष के बाद की रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा की समीक्षा की उम्मीद है।

10 मई को घोषित युद्धविराम समझौता तीन दिन की तीव्र सैन्य कार्रवाई के बाद हुआ था। युद्धविराम की घोषणा से पहले स्थिति तेजी से बिगड़ी और भारतीय वायुसेना ने निर्णायक हवाई हमले किए, जिनमें पाकिस्तान के 11 एयरबेस नष्ट हो गए। इस घटनाक्रम ने सैन्य समीकरण को काफी बदल दिया। खास बात यह है कि युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की, जिन्होंने कहा था कि कूटनीतिक प्रयासों से दोनों देशों को बातचीत की मेज पर लाने में सफलता मिली है। अमेरिकी अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के नेताओं के साथ मिलकर समझौता करवाया। अमेरिका की मध्यस्थता की भूमिका को स्वीकार किया गया है, हालांकि भारत ने दोहराया कि उसने आत्मरक्षा में कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए अपने लक्ष्य स्वतंत्र रूप से हासिल किए। बुधवार की मंत्रिमंडल बैठक से पहले सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की थी, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख- थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के। त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह शामिल थे। आज की मंत्रिमंडल बैठक में ऑपरेशन सिंदूरसे मिली सफलता को मजबूत करने, युद्धविराम के बाद की कूटनीतिक और सैन्य रणनीति, और सीमा पर सतर्कता बनाए रखने के कदमों पर ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है। मंत्रिमंडल अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंच बनाने के प्रयासों और पाकिस्तान के साथ सख्त शर्तों के तहत भविष्य में संभावित बातचीत पर भी चर्चा कर सकता है।



### पीओके खाली करे पाकिस्तान

## जम्मू और कश्मीर में अब कोई तीसरा पक्ष दखल न दे: विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली:** भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि जम्मू-कश्मीर से संबंधित सभी मुद्दों का समाधान भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रूप से किया जाना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लंबित मुद्दा पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमारा लंबे समय से राष्ट्रीय रुख रहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से सुलझाना होगा। इस नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। लंबित मामला पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा (पाकिस्तान और पीओके में) नष्ट किए गए आतंकवाद के बुनियादी ढांचे न केवल भारतीयों की मौत के लिए जिम्मेदार थे, बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए भी जिम्मेदार थे। यह अब एक नई सामान्य बात है। पाकिस्तान जितनी जल्दी यह बात समझ ले, उतना ही बेहतर होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, कुछ दिन पहले आपने देखा कि सीसीएस के फैसले के बाद सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया है। मैं आपको थोड़ा पीछे ले जाना चाहूंगा। सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना पर टिकी हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है। पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों की अवहेलना की है। अब सीसीएस के फैसले के अनुसार, भारत संधि को तब तक स्थगित रखेगा, जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से त्याग नहीं देता। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावे और संघर्ष विराम में व्यापार की भूमिका पर भी रणधीर जायसवाल ने बात की। उन्होंने कहा, 7 मई को ऑपरेशन सिंदूरशुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। इनमें से किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। उन्होंने कहा, दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच 10 मई 2025 को 15:35 बजे फोन कॉल के दौरान समझौते की विशिष्ट तिथि, समय और शब्दावली पर काम किया गया। जैसा कि आप जानते होंगे, विदेश सचिव ने इस संबंध में एक बयान दिया था।

## तिलैया डैम में गिरी कार दो की मौत, एक गंभीर



एजेंसी

कोडरमाः रांची-पटना मुख्य मार्ग जवाहर घाटी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। जिसमें राहुल का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि उसके एक साथी आशीष के शव की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार तिलैया के फल व्यवसायी राहुल कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ बरही से तगादा कर वापस तिलैया लौट रहा था। इसी बीच जवाहर घाटी के पास राहुल की कार अनियंत्रित हो गई और तिलैया डैम में गिर गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई है, जिसमें से एक शव की तलाश की जा रही है। वहीं, कार में सवार सौरव ठाकुर को बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया है। जबकि एक युवक लापता बताया जा रहा है। यह पूरी घटना बरही थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। इधर, घटना की जानकारी पाकर बरही थाना प्रभारी आभास कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से आशीष के शव की तलाशी शुरू कर दी है। बरही थाना प्रभारी आभास कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त कार को हाइड्रा की मदद से डैम से बाहर निकाला गया। फिलहाल कार में सवार एक युवक का शव बरामद किया गया है। जबकि दूसरे शव की तलाश की जा रही है। वहीं, घायल युवक को कोडरमा से रिम्स रेफर किया गया है। जबकि तीसरे युवक का कुछ पता नहीं चल पाया है और उसकी भी तलाश जारी है।

## पाकिस्तान ने 20 दिन बाद लौटाया बीएसएफ जवान 23 अप्रैल को गलती से पहुंच गया था बॉर्डर पार





एजेंसी

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार को वापस लौटा दिया है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने अटारी वाघा सीमा के रास्ते बीएसएफ जवान को वापस भेजा। यह जवान पिछले करीब 20 दिनों से पाकिस्तान के कब्जे में था। आज सुबह 10.30 बजे कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ को अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ द्वारा पाकिस्तान से वापस लाया गया। बता दें कि पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में 23 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सीमा को गलती से पार करने के बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ के एक जवान को पकड़ लिया था। जवान की पहचान 182वीं बीएसएफ बटालियन के कॉन्स्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के रूप में हुई थी। वह भारत-पाकिस्तान सीमा के पास खेत के पास ड्यूटी पर थे। नियमित गतिविधि के दौरान वे अनजाने में भारतीय सीमा की बाड़ को पार कर पाकिस्तानी क्षेत्र में चले गए थे, जहां उन्हें पाकिस्तान रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

## भारत-पाक तनाव के बीच जयशंकर की बढ़ी सुरक्षा

- अब बुलेटप्रूफ कार में चलेंगे विदेश मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ जारी गतिरोध और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में हाई अलर्ट जारी है। इस गंभीर स्थिति के बीच, विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्हें अब एक बुलेटप्रूफ कार मुहैया कराई गई है और दिल्ली स्थित उनके आवास के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि डॉ जयशंकर को पहले से ही केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा प्रदान की जाने वाली जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। उनकी सुरक्षा के लिए 33 कमांडो की एक टीम चौबीसों घंटे तैनात रहती है।



## महिला किराएदार ने की मकान मालिक की हत्या

बोकारो: जिले के बोकारो स्टील सिटी थाना क्षेत्र स्थित को-ऑपरेटिव कॉलोनी में रविवार को हुई हत्या मामले में महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बीते मंगलवार को बताया कि को-ऑपरेटिव कॉलोनी निवासी 80 वर्षीय कालिका राय की हत्या छेड़खानी किए जाने के कारण उनके ही महिला किराएदार ने लोढ़ा से सिर चूर कर दी थी। बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि विगत 11 मई की संध्या पुलिस को सूचना मिली कि को-ऑपरेटिव कॉलोनी निवासी कालिका राय की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच करने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। स्वर्गियारी ने बताया कि मामले की जांच में पाया गया कि उक्त मकान मलिक कालिका राय द्वारा रूणा देवी नामक महिला को किराया नहीं चुकाए जाने पर छेड़खानी किया करता था। स्वर्गियारी ने बताया कि 11 मई 2025 को कालिका राय ने उक्त महिला को मछली देने के बहाने पुनः घर बुलाया और छेड़खानी करने लगा। इसी कारण गुस्सा में महिला ने मसाला पीसने वाला लोढ़ा से उसके सिर पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। मामले में महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भारत के एक्शन से बौखलाया पाक

# भारतीय अधिकारी को 24 घंटे में देश छोड़ने का दिया आदेश

एजेंसी

इस्लामाबाद : भारत द्वारा आतंकियों पर की गई कार्रवाई और उसके बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई की कोशिश विफल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव गहरा गया है। इस बीच, पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिक और उनके परिवार को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इस फैसले की जानकारी दी। मंत्रालय ने लिखा, इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। मंत्रालय ने आगे बताया, पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को उसकी राजनयिक स्थिति के विपरीत गतिविधियों में शामिल होने के लिए अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। संबंधित अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि भारतीय उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में तलब कर इस आदेश से अवगत कराया गया।

यह घटनाक्रम तब हुआ है जब मंगलवार को ही भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में उसकी आधिकारिक स्थिति के अनुरूप नहीं होने वाली गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया था।

भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया था, भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक पाकिस्तानी अधिकारी को भारत में अपने आधिकारिक दर्जे के अनुरूप गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। अधिकारी को 24 घंटे के भीतर भारत छोड़ने को कहा गया है। दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित करने के इस कदम से भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव और बढ़ने की आशंका है।



# सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश बने न्यायमूर्ति बीआर गवई, शपथ लेते ही छुए मां के पैर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के 52वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान न्यायाधीश संजीव खन्ना, अनेक केंद्रीय मंत्री, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के कई पूर्व न्यायाधीश समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गवई की पत्नी और मां सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने अपनी मां के पैर छुए। न्यायमूर्ति खन्ना मंगलवार यानी 13 मई को 51वें मुख्य न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति गवई को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह 23 नवंबर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है। न्यायमूर्ति गवई का मुख्य न्यायाधीश बनना शीर्ष अदालत के इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे शख्स हैं। न्यायमूर्ति गवाई एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद और कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से बी.ए., एलएलबी की डिग्री पूरी करने के बाद 16 मार्च, 1985 को वकालत शुरू किया था। उन्होंने 1987 से 1990 तक बॉम्बे उच्च न्यायालय में स्वतंत्र रूप से वकालत की। वर्ष 1990 के बाद मुख्य रूप से संवैधानिक कानून और प्रशासनिक कानून में बॉम्बे उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के समक्ष वकालत की किया। न्यायमूर्ति गवई को 14 नवंबर, 2003 को उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। वह 12 नवंबर, 2005 को बॉम्बे उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश बने। न्यायमूर्ति गवई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मुंबई में मुख्य पीठ के साथ-साथ नागपुर, औरंगाबाद और पणजी में सभी प्रकार के कार्यभार वाली पीठों की अध्यक्षता की। महाराष्ट्र के पूर्व महाधिवक्ता और बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश स्वर्गीय बैरिस्टर राजा एस भोंसले के साथ 1987 तक (संक्षिप्त कार्यकाल) कानूनी करियर की नींव रखी। न्यायमूर्ति गवई शीर्ष अदालत में कई संवैधानिक पीठ के निर्णयों का हिस्सा रहे हैं, जिनमें विमुद्रीकरण, अनुच्छेद 370, चुनावी बॉन्ड योजना और एससी/एसटी श्रेणियों के भीतर उप वर्गीकरण शामिल हैं। उन्होंने एससी/एसटी के बीच क्रीमी लेयर शुरू करने की पुरजोर वकालत की थी।



### पाकिस्तान के बाद अब आका चीन के प्रोपेगैंडा पर भारत का प्रहार

## ग्लोबल टाइम्स का 'एक्स' अकाउंट ब्लॉक

एजेंसी

**नई दिल्ली:** चीनी सरकारी मीडिया आउटलेट ग्लोबल टाइम्स का एक्स अकाउंट भारत में बंद कर दिया गया है। ग्लोबल टाइम्स को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का मुखपत्र माना जाता है। भारत में यूजर्स द्वारा इसके एक्स पेज को ओपन करने की कोशिश कर रहे हैं तो उन्हें ग्लोबल टाइम्स का अकाउंट भारत में कानूनी मांग के जवाब में बंद कर दिया गया है जैसा मैसेज स्कीन पर लिखा नजर आ रहा है। ग्लोबल टाइम्स ने यह रिपोर्ट प्रकाशित की थी कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर की कवरेज के बाद भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराया है।

भारत ने एक चीनी मीडिया आउटलेट की कड़ी आलोचना की थी और उसे गलत सूचना फैलाने से पहले तथ्यों को सत्यापित करने और स्रोतों की जांच करने के लिए कहा था। यह प्रतिक्रिया ग्लोबल टाइम्स द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद आई थी जिसमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) ने पाकिस्तान में कई ठिकानों पर रात भर भारतीय हवाई हमलों के जवाब में एक और भारतीय लड़ाकू विमान को मार गिराया है। इस रिपोर्ट में पाकिस्तानी सेना के अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया गया था। ग्लोबल टाइम्स ने सैन्य सूत्रों का हवाला देते हुए फेक रिपोर्ट पब्लिश की थी कि यह तीसरा भारतीय लड़ाकू विमान है जिसे रातभर के हमलों के जवाब में मार गिराया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीसीएल ने अनिल उरांव की पत्नी को ओबीएस का 4.5 लाख का चेक सौंपा गया



रांची : सीसीएल के ओबीएस के महा सचिव आलोक कुमार त्रिपाठी ने सीसीएल ऑफिसर्स बेनवॉलेंट सोसाइटी के तहत स्व. अनिल उरांव, पूर्व वरीय अधिकारी (सर्वे) की पत्नी पुष्पा देवी को 4.5 लाख (चार लाख पचास हजार रुपये मात्र) का चेक प्रदान किया। बताते चलें की स्व. उरांव सीसीएल के आई ई डी विभाग, मुख्यालय में कार्यरत थे। उनका देहांत विगत वर्ष 23 अप्रैल, 2025 को हो गया था। इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के उपाध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा सहित सीसीएल ओबीएस के विनय कुमार शंकर एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय श्री हरि नाम संकीर्तन का आयोजन



**मुरी :** हरि बोल,हरि बोल , बोलो बोलो हरि बोलो के भजन कीर्तन की गूंज से बनवाडीह में तीन दिवसीय श्री हरि नाम संकीर्तन का आयोजन ग्राम की महिलाओं के सहयोग से किया गया। पूरी रात जागरण का आयोजन रहा। सन्ध्या को पूरे ग्रामीण एवं पूजा स्थल में पहुंचे सभी भक्तों को भंडारे में प्रसाद दिया गया। इसे सफल बनाने में समस्त बनवाडीह हाकेदाग पंचायत मुखिया हरिपद मांझी,ग्रामीण एवं वहां के सक्रिय महिलाओं तथा पंचानन साहू, सुरेश मांझी,चमरू मांझी, विश्वनाथ मांझी, लालू मांझी,दशरथ मांझी, लालदेव, धीरेन, मगरू, नरेश, देवेन्द्र, जोगेन्दर व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चातम बाडी में नए टांसफार्मर का उद्घाटन



**मुरी:** सिल्ली प्रखंड के लोवादाग पंचायत अंतर्गत चातमबाड़ी गांव में विगत कई दिनों से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को विभाग द्वारा बदला गया। नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झामुमो सिल्ली प्रखंड कमेटी एवं ग्रामीण महिला लक्खीमनी देवी के हाथों सम्पन्न हुआ। ट्रांसफार्मर उद्घाटन कार्यक्रम में प्रखं. अध्यक्ष, संयुक्त सचिव अजीत महतो, संयुक्त सचिव शुभम सोनार, सक्रिय सदस्य भागीरथ महतो , पूर्व जिला उपाध्यक्ष (युवा) फलहारी महतो एवं सैकड़ो ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे.।

### तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर,युवक गंभीर, रेफर



**चतरा :** एक बार फिर हाइवा का रफ्तार सातवें आसमान में दिखने को मिल रहा है। चतरा जिला प्रशासन के सख्ती के बाद भी नहीं थम रहा है तेज रफ्तार का कहर। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के जावादोहार गांव के पास का है। मंगलवार को एक तेज रफ्तार हइवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।इसमें बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि हाइवा चालक हाइवा लेकर भागने में सफल रहा। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति खराब देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सरहचिया गांव निवासी दुल्हन भारती के 25 वर्षीय पुत्र महेन्द्र भारती के रुप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार युवक अपने रिश्तेदार बलनिया गांव से अपने बाइक पर सवार होकर घर वापस सरहचिया लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने अपने अपने चपेट मे लिया था। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति चिंताजनक है। इधर घटना के बाद पुलिस हइवा की पहचान में जुट गई है हाइवा की तलाश जारी है।

### अज्ञात वाहन के टक्कर सं युवक की मौत



**चतरा :** लगातार तेज रफ्तार का कहर जारी है। हंटरगंज प्रखंड के जोरी के निजरा मोड स्थित देवी मंडप के पास एक अज्ञात वाहन ने विजय यादव (35 वर्ष) को टक्कर मार दी। टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। मृतक पिता बैधी यादव जोरी का निवासी बताया जाता है।

# जेपीएससी रिजल्ट की देरी पर फूटा छात्रों का गुस्सा, सड़कों पर विरोध, भाजपा ने सरकार को घेरा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। दरअसल, 11वीं जेपीएससी की मुख्य परीक्षा को हुए 10 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग ने रिजल्ट घोषित नहीं किया है। इस देरी से अभ्यर्थी बेहद नाराज हैं। रांची में जेपीएससी कार्यालय के बाहर झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के बैनर तले छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आज बड़ी संख्या में छात्र वहां जुटे और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि आयोग बार-बार युवाओं के साथ धोखा कर रहा है। परीक्षा खत्म हुए लंबा वक्त हो गया, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया। पहले कहा गया कि जेपीएससी अध्यक्ष नहीं हैं, इसलिए रिजल्ट नहीं आ रहा। लेकिन अब जब नए अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने पद संभाल लिया है, तब भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह साफ तौर पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। छात्रों ने साफ कहा है कि जब तक रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा, धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। कुछ छात्रों ने नाराजगी में कहा, अगर रिजल्ट नहीं तो फांसी ही मंजूर। यह मामला अब राज्यभर में बड़ा छात्र आंदोलन बनता जा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता अजय शाह ने झारखंड सरकार को घेराः जेपीएससी मेंस परीक्षा के रिजल्ट में देरी को लेकर चल रहे विवाद में अब भाजपा भी कूद गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने आंदोलन कर रहे छात्रों का समर्थन करते हुए झारखंड सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अजय शाह ने कहा कि राज्य सरकार के पास छात्रों के भविष्य और विकास को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है, इसी वजह से जेपीएससी मेंस का रिजल्ट 10 महीने से अटका पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार को प्रतियोगी परीक्षाओं की गंभीरता का अंदाजा ही नहीं है।

उन्होंने सुझाव दिया कि झारखंड के नेता कभी मध्य प्रदेश, बिहार या पश्चिम बंगाल जाकर देखें, जहां परीक्षाओं के रिजल्ट समय पर और तय प्रक्रिया के तहत घोषित होते हैं। वहाँ पर टाइम बॉन्ड सिस्टम अपनाया जाता है। अजय शाह ने आगे कहा कि जेपीएससी की मेंस परीक्षा ही नहीं, झारखंड में लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों को किसी न किसी समस्या का सामना करना पड़ता है। कभी परीक्षा की तारीख तय करने में देर होती है, तो कभी कोर्ट के आदेश या छात्रों के आंदोलन के बाद ही सरकार जागती है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी का पूरा सिस्टम संकट से गुजर रहा है, और सरकार की लापरवाही की वजह से छात्रों का भविष्य दांव पर है।

जेपीएससी दफ्तर के बाहर हंगामाः जेपीएससी कार्यालय के बाहर तेज धूप में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की हालत बिगड़ने लगी है। करीब 8 दिनों से लगातार आंदोलन कर रहे छात्र आज भी कड़कड़ाती धूप में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते नजर आए। छात्रों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया है। आज प्रदर्शन के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश हो गया, जिसके बाद बाकी छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया। छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए झारखंड सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि सरकार को छात्रों की सेहत और भविष्य दोनों की कोई परवाह नहीं है।

## हंटरगंज में प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन

### कक्षा 9 से 12 तक के सैकड़ो छात्रों ने लिया भाग

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चतराः** हंटरगंज प्रखंड के रामनारायण +2 उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड अंतर्गत कक्षा नौ से 12वीं तक संचालित विद्यालय के अंडर 17 एवं अंडर-19 वर्ष के बालक एवं बालिका वर्ग के एकल एवं युगल स्पर्धा खेल में सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बीपीओ संदीप कुमार, आरएन +2 हाई स्कूल प्रधानाध्यापक उमेश कुमार, सहयोगी शिक्षक अनुप कुमार , प्रियांश सिंह, महादेव महतो, मनिरामपाल,कृष्ण गोपाल राय और अरविंद सिंह ने किया। शिक्षक अनुप ने खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए कहा कि खेल एक मनोरंजन ही नहीं बल्कि वर्तमान के समय में इसे करियर बनाने का माध्यम भी समझना चाहिए।खेल भाईचारा, अनुशासन एवं ईमानदारी सिखाता है। एकल 19 एकल स्पर्धा में आशीष कुमार,बालिका वर्ग में आराधना मिश्रा , अंडर 19युगल स्पर्धा बालक वर्ग में आशीष कुमार और निशिकांत कुमार,बालिका वर्ग में खुशी कुमारी एवं सोनम कुमारी, अंडर 17 बालक वर्ग में प्रिंस कुमार और बालिका वर्ग में अमृता कुमारी, अंडर 17 युगल स्पर्धा में बालक वर्ग मे आयुष कुमार और अतुल कुमार वही बालिका वर्ग में साहिन खातून और निर्पा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बने। विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सैकडो छात्र-छात्रा और शिक्षक मौजूद थे।आगामी 15 मई को जिला स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में सभी भाग लेंगे।

## 12वीं की सीबीएसई बोर्ड में डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का शानदार प्रदर्शन

### राजश्री कला, रूस्दाहा विज्ञान तथा साक्षी बनी वाणिज्य की जिला टॉपर

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चतराः** डिस्ट्रिक सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस चतरा के बच्चों ने सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों में इसी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने टॉप किया है। कला संकाय में छात्रा राजश्री वीरा ने 470 अंक के साथ 94 प्रतिशत लाकर जिला टॉपर बनी है। जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा स्वैनका नेहाल ने 466 अंक के साथ 93.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरा तथा इसी स्कूल के चंद्रकांत कुमार ने 459 अंक के साथ 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान संकाय में भी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस चतरा का दबदबा रहा। स्कूल की छात्रा रूस्दाह मिन्हाज 458 अंक व 91.6 प्रतिशत के साथ जिला टॉपर बनी है। इसी स्कूल के गौरव कुमार ने 450 अंक के साथ 90 प्रतिशत लाकर दूसरा तथा डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा मनीषा कुमारी 87.4 प्रतिशत अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कुमारी साक्षी आर्या ने 412 अंक के साथ 82.2 प्रतिशत लाकर जिले की टॉपर बनी है। यश राज अग्रवाल ने 414 अंक के साथ 82.8 प्रतिशत लाकर दूसरा तथा नैन्सी कुमारी ने 363 अंक के साथ 72.6 प्रतिशत लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में आमजनों की सुनी समस्याएं



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतराः** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पेयजलापूर्ति से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित, राशन कार्ड, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना वृद्धा पेंशन समेत अन्य मामले शामिल है।जनता दरबार मे मिलने आये सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमसंगत जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## 10वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में डीएवी का दबदबा, उज्जवल बने जिला टॉपर

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चतरा :** मंगलवार को जारी सीबीएसई 10 के परीक्षा परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल के चतरा के छात्र छात्राओं का दबदबा रहा। छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। प्राचार्य अजय कुमार चौबे ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 114 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 55 छात्रों ने विशिष्ट श्रेणी (डिस्टिंक्शन) में स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र उज्जवल कुमार 96.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनें हैं। पार्थ प्रकाश 95.6 प्रतिशत लाकर दूसरा तथा आदर्श कुमार 95 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा स्कूल की आनंदिता यादव ने 92.2 प्रतिशत, अनिरुद्ध राज ने 91.8 प्रतिशत, प्रिंस कुमार ने 91.4 प्रतिशत, प्रियांशु दीप ने 91.2 प्रतिशत, रौनक कुमार ने 91.2 प्रतिशत, दक्ष साहू ने 91.2 प्रतिशत, मुकददस ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। प्राचार्य अजय कुमार चौबे ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षण पद्धति और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने भविष्य में और भी बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### पेड़ नहीं काटने पर दबंगों ने युवक को मारा चाकू ,गंभीर

**चतराः** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गजवा पंचायत के चातर गांव निवासी उपेंद्र यादव नामक व्यक्ति के पीठ में अपराधियों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का सदर अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। घायल के छोटे भाई सत्येंद्र यादव ने बताया कि गजवा गांव का बादल खान,उसके भाई से परास का पेड़ काटने की जिद कर रहा था। बादल खान ने भाई को धमकी दी थी कि उसका कहना नहीं मानेगा तो बहुत बुरा होगा। आज दस बजे भी बादल खान ने उसके भाई को पेड़ काटने को कहा, मना करने पर बादल खान और उसके पुत्र ने भाई उपेन्द्र यादव के पीठ में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद युवक को गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया।

## सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में इंदुमति टिबड़ेवाल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**मेट्रो रेज संवाददाता**








**चतराः** सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित एआईएसएससीई 2025 में इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर दीभा कक्षा दशम बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस विद्यालय से परीक्षा में कुल 72 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।सफल परीक्षार्थियों का कहना है कि गुरुजनों की मेहनत और प्रबंधन समिति का मार्गदर्शन और अनुशासन के बल पर शत प्रतिशत परिणाम हुआ है। सफल छात्रों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अथक प्रयास और गुरुजनों की मेहनत के कारण यहां पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस वर्ष 2025 में करण कुमार राणा( 95.2 %) लाकर पहला,अन्नू कुमारी ने (89.2%) दूसरा,मनीष कुमार (86.4%) लाकर तीसरा तथा संध्या कुमारी,सोनम कुमारी और नीरज सिंह (84.2%)* प्राप्त कर चौथा, मेघा कुमारी (80.4%) लाकर पांचवा ,खुशी कुमारी (80.2%) लाकर छठा ,विशाल कुमार गुप्ता (79.2%) लेकर सातवां ,अभिज्ञान राज(78.8%) लाकर आठवां ,कृष कुमार (78.4%)नौवा और अंजलि कुमारी ने (77.8%) लाकर दसवां स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी नाम रौशन किया है।भैया बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय,सचिव संजय सिन्हा, कोषाध्यक्ष मुकेश साह,प्राचार्य रमेश कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्रभारी अयोध्या प्रसाद सिंह,परीक्षा प्रमुख पंकज पांडेय एवं आचार्य बंधु भगिनी ने टॉपर्स भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामना देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्मार्ट मीटर लगाना पड़ा भारी, रांची में 800 घरों की काट दी गई बिजली

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** स्मार्ट मीटर का बैलेंस (खाते का पैसा) शून्य होते ही मंगलवार को रांची विद्युत आपूर्ति अंचल के करीब 800 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली कट गई। लोगों को इसका पता तब चला, जब पड़ोसी के घरों में बिजली बहाल देखी। उपभोक्ताओं ने जब अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में संपर्क किया तो उन्हें जानकारी दी गई कि उनके खाते में बिजली का बैलेंस शून्य हो चुका है। ऐसे में स्वतः ही घरों की बिजली कट गई है। इस पर कई उपभोक्ताओं ने आनन-फानन में जेबीवीएनएल और जैक्सन पे ऐप, एटीपी मशीन के जरिये भुगतान किया। इसके आधे घंटे बाद खाता अपडेट होने पर बिजली बहाल हो सकी। वहीं, रांची विद्युत आपूर्ति अंचल के अधीक्षण अभियंता डीएन साहू ने कहा कि बैलेंस शून्य होने पर स्वतः बिजली कटनी शुरू हो गई है।

रांची में 3.50 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। यहां विश्व बैंक के सहयोग से प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। जबकि अन्य क्षेत्रों केंद्र प्रायोजित आरडीएसएस स्कीम के तहत स्मार्ट मीटर लगाए जाने की योजना है। अब तक रांची में सिर्फ 40,457 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं।

राजधानी रांची में जिन वादों का भरोसा दिलाकर स्मार्ट मीटर लगाए, आज वह बिजली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बन गया है। उपभोक्ताओं की समस्याएं कम होने की बजाय लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को राहत देने की बात तो कही गई थी। लेकिन हकीकत इससे एकदम उलट है।

## स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव ने की समीक्षा, कहा-

# बंद पड़े सभी 108 एम्बुलेंस को 15 दिन में संचालित किया जाये

संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा राज्य के सभी सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी 108 एंबुलेंस छोटी-मोटी खराबी के कारण बंद हैं उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार प्राक्कलन के अनुसार राशि उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस 100 प्रतिशत संचालित होने चाहिए। इसके साथ उन्होंने सभी अस्पतालों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आंकलन कर उसकी सूची विभाग को प्रेषित करने के निर्देश दिए ताकि मशीनों का क्रय किया जा सके। वीडियो कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने जिन अस्पतालों में एक्स रे मशीन नहीं है उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।




वीसी के दौरान सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन पर भी चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जहां जगह नहीं है वहां आईपीएच मानक के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराया जाए। वर्ष 2025-26 में आवंटित राशि उपावंटन के साथ-साथ एनएचएम की योजनाओं की समीक्षा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों को सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के स्वास्थ्य केंद्रों के रंग-रोगन एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 1 महीने के अंदर सभी कार्यों को संपन्न करते हुए सभी का फोटोग्राफ अपलोड करें। एक महीने के बाद फिर से कृत कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वांछित राशि उपलब्ध करा दी गई है, जिस पर अपर मुख्य सचिव ने विस्तार से चर्चा की।

## सीएम हेमन्त सोरेन से मिला विश्व भारती जनसेवा संस्थान का प्रतिनिधिमंडल



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने का किया आग्रह प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों मे संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।

## कलश यात्रा के साथ श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ



मेट्रो रेज

रांचीः पिस्का मोड़, रांची स्थित हेसल,निकट जतरा मैदान नॉर्थ, श्री हेसल हनुमान मंदिर के सामने गली नंबर 3 में 14 से 21 मई तक श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ सैकड़ों महिलाओं,श्रद्धालुओं के द्वारा कलश यात्रा से की गई। श्री मद भागवत कथा सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य अतुल द्विवेदी जी के द्वारा की जायेगी। कार्यक्रम आयोजक संजीव कुमार सिंह (चुन्नू सिंह) ने कहा कि इस कार्यक्रम को वैश्विक और क्षेत्र की शांति के उद्देश्य से किया जा रहा है क्योंकि आज जिस तरह पूरे विश्व में अशांति और तनाव का माहौल है। अहिंसा परमो धर्मः का अनुसरण करने वाला हमारे देश ने आतंकिस्तान पर करारा प्रहार कर पूरे विश्व को ये संदेश दिया कि भारत आतंक और आतंकी को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा भारत द्वारा आतंकिस्तान को दिए गए करारे जवाब से हम सभी भारतीय गौरवान्वित हैं। कार्यक्रम विवरणी की कार्यक्रम प्रभारी अमृतेश पाठक एवं बिरेंद्र प्रसाद (बिल्लू जी) ने जानकारी देते हुए बताया कि

- ✔ कार्यक्रमःश्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ
- ✔ कथा व्यास - आचार्य अतुल द्विवेदी जी
- ✔ 14.5.2025 कलश यात्रा भागवत महात्म
- ✔ 15.5.2024 कुंती,भीष्म स्तुति एवं परीक्षित जन्म
- ✔ 16.5.2025 सृष्टि रचना,देवहूति कपिल संवाद एवं ध्रुव चरित्र
- ✔ 17.5.2025 नाम महिमा, प्रहलाद चरित्र,गजेंद्र मोक्ष,रामकथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव
- ✔ 18.5.2025 कृष्ण बाललीला, माखन चोरी, कलियनाग उद्धार एवं गोवर्धन पूजा
- ✔ 19.5.2025 महारास प्रसंग, कंस उद्धार,गोपी उद्धव संवाद एवं कृष्ण रुक्मणि विवाह
- ✔ 20.5.2025 भगवान के 16108 पत्नियों का विवाह प्रसंग, सुदामा चरित्र एवं भागवत सार कथा एवं
- ✔ 21.05.28 को कथा समापन एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।

आज के कलश यात्रा में मुख्य रूप से नीतू सिंह, कृष्णा पांडेय,रीता सिंहा, शिव देवी, तारा देवी, ऊषा सिंह, अनीता देवी, देवयंती, संध्या देवी, मनमोहन पांडेय,महेश पंडित,गौरव जयसवाल, मनीष पंडित, रोहित सिंह, गुड्डू सहाय, विजय पांडे व अन्य सैकड़ों श्रद्धालु गण शामिल हुए।

### एनसीएसटी ने झारखंड सरकार से किया आग्रह

# सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण पर लगे रोक

मेट्रो रेज

**रांचीः** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य आशा लकड़ा ने विभिन्न आदिवासी समूहों के विरोध के मद्देनजर झारखंड सरकार से रांची में एक फ्लाईओवर के निर्माण को रोकने का आग्रह किया।

कई आदिवासी संगठन सिरम टोली में बनाए जा रहे फ्लाईओवर के रैंप' को हटाने की मांग कर रहे हैं। आशा लकड़ा ने दावा किया कि इससे सरना स्थल तक पहुंचने में बाधा आ रही है और वाहनों की लगातार आवाजाही से इस धार्मिक स्थल की पवित्रता भंग हो सकती है। आर्यभट्ट सभागार में केंद्रीय सरना समिति और अन्य आदिवासी संगठनों के साथ बैठक के बाद लकड़ा ने स्थिति का आकलन करने के लिए निर्माण स्थल का दौरा किया। लकड़ा ने कहा, कई आदिवासी संगठनों ने एनसीएसटी को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। एनसीएसटी और राज्य सरकार के बीच आज अपराह्न साढ़े 3 बजे बैठक होनी थी, लेकिन सरकार ने अपरिहार्य परिस्थितियों का हवाला देते हुए इसे रद्द करने का अनुरोध किया। बैठक की नयी तारीख एक या दो दिन में तय की जाएगी।" लकड़ा ने कहा, मौका मुआयना के बाद, मुझे आदिवासी संगठनों की मांगें जायज लगीं। सिरम टोली में सरना स्थल आदिवासियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में से एक है। सरहुल त्योहार के दौरान लाखों लोग यहां आते हैं और रैंप' बनने से उनके लिए बाधा उत्पन्न होगी। लकड़ा ने सरकार से बैठक होने तक रैंप' पर काम रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं इस मामले के बारे में सरकार को भी लिखूंगी।" इस फ्लाईओवर की लंबाई 2.34 किलोमीटर है और परियोजना का उद्देश्य सिरम टोली को मेकॉन से जोड़कर लोगों के सफर को सुगम बनाना है। इस परियोजना पर काम अगस्त 2022 में शुरू हुआ था जिसकी लागत 340 करोड़ रुपये है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, महादेव टोप्पो, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेन्द्र लिंडा, पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, कुंदरसी मुंडा,नीरंनजना हेरेंज टोप्पो, विद्या सागर क्रेरकेटा, रवि कुजूर,सुरज टोप्पो,मोहन तिर्की, मुकेश मुंडा,आषिस मुंडा,करमा तिग्गा,गीता लकड़ा, अनिल भगत,फुलचंद तिर्की, दुर्गावती वोड़िया ,आरती कूजूर, एवं सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के अगुआ उपस्थित थे।



## भारतीय राजपूताना सेवा संगठन, बिहार-झारखंड इकाई ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



मेट्रो रेज

**रांचीः** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय राजपूताना सेवा संगठन की बिहार-झारखंड इकाई द्वारा राजधानी रांची में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार ने विभिन्न राज्यों से पधारे संगठन के *उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं एवं *सम्मानित पदाधिकारियों को उनके अद्वितीय योगदान के लिए बिहार झारखंड के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अदम्य साहस, शौर्य और सेवा भाव के प्रतीक शेर सिंह राणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्हें संगठन की ओर से विशेष सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा माला पहनाकर ससम्मान अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव प्रेम सिंह एवं राष्ट्रीय सचिव वीरेंद्र सिंह की भी विशेष उपस्थिति रही, जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह सिकरवार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा बिहार उपाध्यक्ष रामपुकार सिंह द्वारा तैयार की गई, जिसमें बिहार-झारखंड के सभी पदाधिकारियों ने समर्पण एवं एकता के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मंच संचालन की महत्वपूर्ण भूमिका संगठन के ऊर्जावान एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं संजय सिंह, सुरेश कुमार सिंह तथा अजय कुमार सिंह ने कुशलता से निभाई। यह आयोजन संगठन की एकता, सेवा, सम्मान और कर्तव्यपरायणता की भावना का जीवंत उदाहरण बनकर उपस्थित जनों के हृदय में एक अमिट छाप छोड़ गया।

## कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से मना नर्सिंग डे

मेट्रो रेज

**रांचीः** आज अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस कलावती स्कूल ऑफ नर्सिंग कमड़े में प्रशासनिक पदाधिकारी विश्वदीपक पाण्डेय की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नर्सिंग सेवा की पहचान एवं शुरूआत करने वाली सिस्टर फ्लोरेंस नाइटिंगल जी के तस्वीर के निकट दीप प्रज्वलित कर हुआ।इस अवश्वर पर नर्सिंग स्कूल के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के तौर पर लायंस क्लब ऑफ रांची लाइफ के अध्यक्ष रवि मेहता, छात्र क्लब पर्यावरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक पिया बर्मन,गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के निदेशक संतोष कुमार,देशबंधु आईटीआईके प्राचार्य सतीश वर्मा,डीएवी शिक्षा दीप हेहल के प्राचार्य अनिल कुमार राय,झारखंड मोटर ट्रेनिंग स्कूल की संस्थापिका रोहिणी देव पौराणिक,निदेशक अनूप देव पौराणिक आदि मौजूद थे। इस मौके पर निदेशक शिवनंदन पाठक ने कहा नर्सिंग बहनें अपने सेवा के द्वारा समाज मे अमित छाप छोड़ देते हैं इन्होंने कोरोना काल मे अपनी जान को जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की थीं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। संतोष कुमार ने कहा नर्स बहनों का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है जो केवल लोगों की जिंदगियां ही बचातीं हैं।शिव किशोर शर्मा ने कहा सिस्टर स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ है साथ ही जीवन एवं संघर्ष के क्षेत्र में नर्सों के योगदान को विस्तार पूर्वक बतलाया।पिया बर्मन ने कहा नर्स बहने अपने दुख दर्द को भुलाकर मरीजों की सेवा करना अपना धर्म समझती है इसलिए इन्हें हमेशा सम्मान करनी चाहिए वहीं रवि मेहता ने उपस्थित लोगों को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की शुभकामनाएं दी और सभी सिस्टर के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रवक्ता कुणाल कौशल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किए। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से ग्लोरी जोशी लकड़ा,संगीता केर-केट्टा, अन्ना सुल्ताना,नवीन कुमार मिश्रा,सुदर्शन ठाकुर,सतीश कुमार,वीणा रानी,प्रीति कुमारी, अनामिका वर्मा,लालमोहन पाठक, आलोक कुमार, प्रभास गौरव अविनाश गौरव, गजेंद्र कुमार अरविंद उरांव,सीमा देवी आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### 5 दिवसीय झारखंड जनजातीय, क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शन का समापन समारोह संपन्न

# हमें अपनी भाषा और संस्कृति को बचाएं रखना है

मेट्रो रेज

**रांचीः** राम लखन सिंह महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय (पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा विभाग, झारखंड सरकार) के वित्तीय सहायता अनुदान योजना के अन्तर्गत, कुंजबन छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य केन्द्र, चुटिया, रांची द्वारा आयोजित 5 दिवसीय झारखंड जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शन का समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महुआ माजी सांसद, राज्य सभा, सीपी सिंह विधायक रांची, राजाराम महतो, पूर्व विधायक संजीव विजयवर्गीय, पूर्व पार्षद वीणा अग्रवाल, आमंत्रित कलाकार धरमू नायक, लापुंग से कुडुख नृत्य मंडली झिरगा भगत, कुंजबन के संरक्षक मदन सिंह, सुदीप शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अखड़ा पूजन से किया गया। प्राचार्य डॉ. विष्णु चंद्र महतो ने कहा कि जनजातीय गीत संगीत कार्यशाला हर विश्वविद्यालय में होना चाहिए ताकि बच्चे अपने संस्कृति को बचाने में सहायक बन सके। डी. एस.सुरेश कुमार साहू ने कहा हमें अपनी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए दूसरों से अपेक्षा नहीं करना चाहिए। कुंजबन 1985 से भाषा, संस्कृति को बचाने का काम कर रही है। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा पुरखों द्वारा मिला है उसे जीवंत करने का काम कुंजबन करता है। मुख्य अतिथि महुआ माजी ने कहा कि कला संस्कृति हमें सामाजिक बनाता है इसलिए इसे जिंदा रखने की जरूरत है। मुख्य संयोजक पद्मश्री मुकुंद ने अपनी भाषा की जानकारी और बचाने की जरूरत पर जोर दिए।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एव विशिष्ट अतिथि के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक - पद्मश्री मुकुंद नायक, सहायक संयोजक. किशोर नायक और सूर्यकांत नायक, महाविद्यालय संयोजक डा. अजीत मुंडा, सह संयोजक डा. रामकुमार, कुंजबन के प्रशिक्षक बालेश्वर नायक (गायक), अभिषेक कुमार बड़ाईक (नर्तक) लक्ष्मी कच्छप, सुश्री नूतन लकड़ा (नर्तकी) तथा वादकगण रामेश्वर मिंज ( बांसुरी वादक) किशोर महली, दुर्योधन नायक, किशुन नायक, कागु नायक, दस्तावेजीकरण फूलो कच्छप ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के प्राचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग ।**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना ।**



बड़कागांव थाना सन्हा सं0—22/25, दि0—15.04.2025 के आलोक में लापता लड़की—अंजली कुमारी, पे0—ब्रह्मदेव राम, सा0—सोनबरसा, वर्तमान—आर0आर0 कॉलनी ढेंगा, थाना—बड़कागांव, जिला—हजारीबाग दिनांक—19.03.2025 को समय—10:00 बजे को राजकुमार राम, पिता—प्रयाग राम, सा0—सोनबरसा, थाना—बड़कागांव(डाडीकला ओ0पी0), जिला—हजारीबाग के द्वारा बहला—फुसला कर भगा कर ले गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। हुलियाः—उम्र—20 वर्ष, बाल—काला, लम्बाई—04 फीट 05 इंच, पहनावा— शुट कथा रंग का एवं लाल रंग का पजामा पहनी हुई है।

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः—

अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :— 9430336100

थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :— 9431706313, 8210710802

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

PR 352237 Police(25-26)D



**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची।**

**E-mail ID – csofficeranchi@yahoo.com**

**- e-Tender No. : 1823 Date 13.5.2025**

**अल्पकालीन ई– निविदा**

सदर अस्पताल, रॉंची के लिए कैथ लैब का क्रय एवं अधिष्ठापन हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक 14.6.205 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 15.5.2025 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा। ई–निविदा से संबंधित प्री–बिड बैठक दिनांक 22.5.2025 के अपराह्न 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय कक्ष, सदर अस्पताल, रॉंची में होगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉंची।

PR 352253 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## प्रधानमंत्री का सख्त संदेश

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के दो दिन बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में इस्लामाबाद को कड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने 22 मिनट के संबोधन में सीजफायर, आतंकवाद, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में जघन्य हमला और सिंधु जल समझौते पर बात की। उन्होंने कड़े तेवर के साथ कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता जाहिर उनका यह संदेश सिर्फ पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय के लिए भी था। प्रधानमंत्री के संबोधन से एक बात साफ हो गई कि ,ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के बारे में पुरानी नीति का परित्याग कर दिया है जहां कूटनीति और आतंक का सहअस्तित्व था। उन्होंने विश्व समुदाय को भारत की नई नीति और सिद्धांत के बारे में स्पष्ट तौर पर बता दिया कि अगर आप पाकिस्तान के साथ बात होगी तो आतंकवाद पर और पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। यानी परमाणु हमले की धमकी को अलगझ्रथलग करके आतंकी अड्ड़ों को नष्ट करेगा। यह याद रखा जाना चाहिए कि अगर पाकिस्तान भारत पर परमाणु हमला करता है तो भारत को सिर्फ खरोंचे ही आएगी, लेकिन विश्व मानचित्र से पाकिस्तान का नाम ही मिट जाएगा। विश्व समुदाय जानता है कि भारत एक जिम्मेदार और सभ्य राष्ट्र है जो पहले परमाणु शस्त्र का इस्तेमाल कभी नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात को दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह आतंकवाद का भी समय नहीं है। वास्तव में भारत पिछले दशकों से आतंक की पीड़ा झेल रहा है। ऐसा पहली बार हुआ कि ,ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान में इस्लामाबाद से कराची तक 13 जगहों को अपना निशाना बनाया। ने केवल निशाना बनाया बल्कि पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमानों को नेतस्नाबूद भी कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया है,लेकिन शक्ति से ही शांति का रास्ता निकलता है। इसका अर्थ साफ है कि भारत अब भई बिनु होई न प्रीति.की नीति को आगे बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा भी है कि ,ऑपरेशन सिंदुर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं॥।

## भारत की जीत

युद्ध के बिल्कुल करीब पहुंच चुके भारत और पाकिस्तान के बीच भले समझौता हो गया हो, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ जंग जारी रहेगी। फिर भी, समझौते तक भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिये काफी कुछ हासिल किया, जिनमें से ये सात बातें काफी मायने रखती हैं। पहली बात यह कि भारत ने बदला तो उरी और पुलवामा का भी लिया था, लेकिन इस बार स्ट्राइक ज्यादा तीव्र और घातक रही। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर ही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब तक में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें 140 आतंकवादी मारे गए। दूसरी, भारत-पाकिस्तान मामले में यह डर हमेशा से रहता है कि दोनों परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र हैं और इनके बीच का टकराव परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने इस नैरेटिव को दुनिया में खूब बेचा और फायदा भी उठाया। लेकिन, पिछले एक दशक में इसमें बदलाव आया है। अब भारत छङ्गउ और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने से भी नहीं हिचकता। इस बार सौ किमी अंदर तक घुसकर उसने एक नया ट्रेंड सेट किया। तीसरी, भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। यह बात इसलिए अहम है, क्योंकि 1971 और कारगिल वॉर के दौरान भी संधि जारी रही थी। पिछले कुछ साल से भारत इस संधि को रिव्यू करने की बात कह रहा है। पानी के जरिये भारत ने पड़ोसी देश पर बड़ी कूटनीतिक बढ़त हासिल की है। चौथी, अभी तक भारत की कोशिश यह भी होती थी कि पाकिस्तान को सबूत सौंपकर रास्ते पर लाने की कोशिश की जाए, उस पर इंटरनैशनल कम्युनिटी का प्रेशर बनाया जाए। नई दिल्ली ने प्रेशर तो बनाया, लेकिन साथ में खुद एक्शन लेकर बताया कि उसके पास और भी विकल्प हैं। पांचवीं, अब से हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर माना जाएगा और यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चेतावनी है। पाकिस्तान को इसके बाद अपने यहां के आतंकवादियों को कंट्रोल करना पड़ेगा। अगर वह ऐसा नहीं करता है तो भारत ने संकेत दिया है कि वह आगे भी पाकिस्तान के आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। छठी, भारत ने मॉडर्न वॉरफेयर की अपनी क्षमता साबित की। यह भी दिखाया कि उसका डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है। देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर उसने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों को बखूबी नाकाम किया। सातवीं, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आर्मी और चुनी हुई सरकार का अंतर्विरोध भी सामने आ गया। राजनीतिक नेतृत्व से बात नहीं बनी तो अमेरिका ने समझौते का प्रेशर डालने के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ से बात की।

# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान

भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आशवस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है

**ललित गर्ग**

अॉपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की जड़ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा। पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है। मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है। मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है।


# जयचंदों से सावधान रहने की जरूरत

आतंकियों को सजा देने के लिए 11 जगह उनके अड्डों को नष्ट कर 100 से अधिक आतंकवादी और उनके परिवारों को समाप्त कर दिया। इसके बाद हुए पाकिस्तानी हमलों के जवाब में पाकिस्तान के 10 से ज्यादा एयरपोर्ट और एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया। पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर जाकर प्रहार किया गया। पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के नजदीक तक हमले किए गए। भारत की सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारत ने युद्ध अपनी ओर से शुरू नहीं किया था, बल्कि उस पर थोपा गया। इस युद्ध में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। उसके तमाम मिसाइल, ड्रोन भारत का कोई नुकसान नहीं कर पाए। उसके सभी चीनी डिफेंस सिस्टम फेल हुए और बहुत सारे तबाह हो गए। उसके तमाम सैनिक और नागरिक मारे गए।

**शिव शुक्ला**

अपना देश भी अजीब है। यहां बहुत से लोगों को खुद की और अपने देश की बेइज्जती करने में बहुत अच्छा लगता है। ऐसे लोगों को लगता है कि उनके बेहूदे बयानों से उन्हें लोकप्रियता मिलेगी। हो सकता है कि कुछ विशेष वर्ग के लोग उनके ऐसे बयानों पर ताली बजाएं। लेकिन, मुख्यधारा की मीडिया के लोग भी उनके बयानों पर भद्दे कमेंट करते हैं।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या वे अंधे हैं या पाकिस्तान से मिले हुए हैं। ऐसे लोग क्या सिद्ध करना चाहते हैं? भारत ने पहलगाम की नृशंस घटना के लिए दोषी आतंकियों को सजा देने के लिए 11 जगह उनके अड्डों को नष्ट कर 100 से अधिक आतंकवादी और उनके परिवारों को समाप्त कर



दिया। इसके बाद हुए पाकिस्तानी हमलों के जवाब में पाकिस्तान के 10 से ज्यादा एयरपोर्ट और एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया। पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर जाकर प्रहार किया गया। पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों के नजदीक तक हमले किए गए। भारत की सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारत ने युद्ध अपनी ओर से शुरू नहीं किया था, बल्कि उस पर थोपा गया। इस युद्ध में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा। उसके तमाम मिसाइल, ड्रोन भारत का कोई नुकसान नहीं कर पाए। उसके सभी चीनी डिफेंस सिस्टम फेल हुए और बहुत सारे तबाह हो गए। उसके तमाम सैनिक और नागरिक मारे गए। कुछ को परेशानी है कि क्रेडिट मोदी को क्यों मिल रहा है: हमारी ओर से कुछ लोग प्रधानमंत्री और सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि इन्हें इस बात से परेशानी है कि सारा क्रेडिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्यों मिल रहा है। जयचंद अब सवाल कर रहे हैं कि युद्ध विराम क्यों किया? किसी तीसरे ने यह घोषणा क्यों की? भारत को आतंकी घटना का बदला लेना था, वह पहले ही दिन पूरा हो गया और उसके बाद का पाकिस्तान का नुकसान तो बोनस है। ऐसे में कार्यवाही तो रुकनी ही थी। कुछ लोगों को भारत की सेना पर यकीन नहीं है। वे देश की संस्थाओं की बुराई करने में खुशी महसूस होती है। उससे उनका वोट बैंक खुश होता है। लेकिन, वे नहीं जानते कि देश की एक बड़ी जनसंख्या उनके इस प्रकार के बेहूदे बयानों पर हंसती है, मजा लेती है।

# सच्चा सुख

**चिंतन-मनन**

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

एक व्यक्ति कबीर के पास गया और बोला मेरी शिक्षा तो समाप्त हो गई। अब मेरे मन में दो बातें आती हैं विवाह करके गृहस्थ जीवन यापन करूं या संन्यास धारण करूं? कबीर ने कहा, दोनों ही बातें अच्छी हैं, जो भी करना हो उच्च कोटि का करना चाहिए। व्यक्ति ने पूछा उच्च कोटि का कैसे? कबीर ने कहा- किसी दिन प्रत्यक्ष देख कर बताएंगे। वह व्यक्ति रोज उत्तर की प्रतीक्षा में कबीर के पास आने लगा। एक दिन कबीर दिन के बारह बजे सूत बुन रहे थे। खुली जगह में प्रकाश काफी था, फिर भी कबीर ने अपनी धर्मपत्नी को दीपक लाने का आदेश दिया। वह तुरंत दीपक जला कर लाई और उनके पास रख गई। दीपक जलता रहा वे सूत बुनते रहे। सायंकाल को उस व्यक्ति को लेकर कबीर एक पहाड़ी पर गए। जहां काफी ऊंचाई पर एक वृद्ध साधु कुटी बना कर रहते थे। कबीर ने साधु को आवाज लगाई। कबीर ने उनसे कहा, महाराज आपसे कुछ जरूरी काम है। कृपया नीचे आइए। बूढ़ा बीमार साधु मुश्किल से ऊंचाई से नीचे आया। कबीर ने पूछा कि आपकी आयु कितनी है, यह जानने के लिए नीचे बुलाया है। साधु ने कहा अस्सी बरस। यह कह कर वह फिर से ऊपर चढ़ा। बड़ी कठिनाई से कुटी में पहुंचा। कबीर ने फिर आवाज दी और नीचे बुलाया। साधु फिर आया। उससे पूछाझ्रआप यहां पर कितने दिन से निवास करते हैं? उनने बताया चालीस वर्ष से। फिर जब वह कुटी में पहुंचे तो तीसरी बार फिर उन्हें इसी प्रकार बुलाया और पूछाझ्रआपके सब दांत उखड़ गए या नहीं? उसने उत्तर दिया। आधे उखड़ गए। तीसरी बार उत्तर देकर वह ऊपर जाने लगा। इतने चढ़ने-उतरने से उसकी सांस फूलने लगी, पांव कांपने लगे। वह बहुत थक गया था। फिर भी उसे क्रोध तनिक भी न था। अब कबीर अपने साथी समेत घर लौटे तो साथी ने अपने प्रश्न का उत्तर पूछा। उनने कहा कि तुम्हारे प्रश्न के उत्तर में ये दोनों घटनाएं उपस्थित हैं। गृहस्थ बनना हो तो ऐसा जैसे मैंने पत्नी को अपने स्नेह और सद्व्यवहार से ऐसा आज्ञाकारी बनाया है कि उसे दिन में भी दीपक जलाने की मेरी आज्ञा अनुचित नहीं मालूम पड़ती और साधु बनना हो तो ऐसा बनना चाहिए कि कोई कितना ही परेशान करे, क्रोध का नाम भी न आवे॥

## आपके पत्र

### संघर्ष विराम के मायने

10 मई 2025 की शाम जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं तो दुनिया ने राहत की सांस ली। कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाइयों ने न केवल सीमा पार आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया था, बल्कि युद्ध के बादल गहराने की आशंकाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता पैदा कर दी थी। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में संघर्षविराम के विभिन्न कारण बताए जा रहे हैं। बहरहाल, इससे भारत के वैश्विक कूटनीतिक कद को नई ऊंचाई मिली है। संघर्षविराम को भारत की रणनीतिक विजय माना जा रहा है। शेयर बाजार में भी हरियाली छा गई है। लोगों के कारोबार-व्यापार चल पड़े हैं।

**सीके राय,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, संपादक : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 website : www.metrorays.in
email : metrorays.ranchi@gmail.com

# 11 जुलाई से राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव शुरू, तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 के सफल संचालन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। आगामी 11 जुलाई2025 से श्रावणी मेला शुरू होना है। बैठक में उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि श्रावण माह में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि इस वर्ष लगने वाले श्रावणी मेला में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने की जरूरत है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करने बासुकिनाथ धाम पहुंचते है, कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें जलार्पण करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी।

उपायुक्त ने बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर आवासन, पेयजल, शौचालय एवं कांवरिया रुटलाइन में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करें। श्रावणी मेला के दौरान विशेष जगहों को चिह्नित कर अग्निशमन यंत्र लगाए। बासुकीनाथ धाम में वाहनों की पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की जाए। सड़कों के किनारे साइनेज लगाया जाए।



कहा कि शिवगंगा की सफाई बेहतर ढंग से की जाए। सावन माह में जलार्पण के लिए आयें श्रद्धालु सुखद अनुभूति के साथ अपने घर लौटें। इसके लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि रूटलाइन की बैरिकेडिंग का कार्य मजबूती के साथ की जाय। बैरिकेडिंग करने वाले सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिह्नित कर लिया जाय। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि जलार्पण काउंटर के माध्यम से भी पूरे मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जलार्पण काउंटर को बेहतर ढंग से बनाया जाय। श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करायें। किसी भी हाल में सड़क पर दुकानें नहीं लगेंगी। सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जायेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### गंगा किनारे अवैध खनन को लेकर एसडीएम ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**साहिबगंज/उधवा :** राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में एसडीएम ने गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध मिट्टी और बालू के उत्खनन पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे सख्ती से रोकने की चेतावनी दी। एसडीएम सदानंद महतो ने कहा कि प्रशासन को लगातार ऐसी खबरें मिल रही हैं कि उधवा प्रखंड क्षेत्र में गंगा के किनारे बड़े पैमाने पर मिट्टी और बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि अवैध खनन में लगे ट्रैक्टरों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं।उन्होंने कहा कि प्रशासन इस मामले पर पूरी नजर रख रहा है और किसी भी कीमत पर अवैध उत्खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी व्यक्ति खनन करते हुए पाया जाता है, तो उसके वाहन मालिक और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी व्यक्ति द्वारा मिट्टी का अवैध उठाव करने की जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।बैठक के समापन के बाद, एसडीएम सदानंद महतो ने अन्य अधिकारियों के साथ गंगा के तटीय इलाकों का दौरा किया और वहां किए गए अवैध उत्खनन का जायजा लिया। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, पुलिस इंस्पेक्टर श्यामलाल हांसदा, थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, और कई पंचायतों के मुखिया जैसे सहीदुल रहमान, तमल मंडल, अताउर रहमान, ताजेरूल हक, कादिर शेख तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला पंचायती राज्य पदाधिकारी ने किया वित्तीय अनियमितता की जांच

**साहिबगंज/उधवा :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिजीत कुमार ने मंगलवार को दक्षिण पलाशगाछी पंचायत सचिवालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया और कई योजना स्थलों पर जाकर निरीक्षण भी किया। यह दौरा पंचायत के एक दर्जन वार्ड सदस्यों द्वारा पंचायत सचिव जनकदेव यादव और मुखिया नफीसा खातून के खिलाफ 15वें वित्त आयोग के तहत 19 योजनाओं के नाम पर 12.70 लाख रुपए की अवैध निकासी की शिकायत के बाद किया गया। इस शिकायत पर मुखिया और जीपीएस ने भी बीडीओ से जांच कराने का अनुरोध किया था।शिकायत के आधार पर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने मंगलवार को योजना स्थलों का भौतिक सत्यापन किया। इस मौके पर जीपीएस जनक देव यादव, तजीरुल हक, रबीउल शेख सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजद जिला उपाध्यक्ष ने शहर के कई स्थानों पर की प्याऊ की व्यवस्था



**साहिबगंज :** राजद जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव की ओर से शहर में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए आमलोगों व राहगीरों को पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई इलाको में प्याऊ की व्यवस्था की गई है।जहां शहर के प्रमुख स्थानों चैती दुर्गा मंदिर मोड़,गोड़ाबाड़ी हटिया मोड़,रेलवे फाटक,चौक बाजार,पटेल चौक एवं रेलवे स्टेशन चौक मोड़ के समीप ठंडा प्याऊ पानी की व्यवस्था की गई है !जहां इस ठंडा प्याऊ पानी व्यवस्था के लग जाने से अब भीषण गर्मी में आमलोगों व राहगीरों को पीने के लिए ठंडा पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।वही बातचीत के क्रम में राजद जिला उपाध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि पूरे जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के सभी प्रखंडो में भी इस तरह की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी ताकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को भी इसका समुचित लाभ मिल सकें ! वही शहर के लोगो ने राजद उपाध्यक्ष दिनेश यादव की इस पहल का स्वागत किया है.लोगो ने कहा की गर्मी के मौसम मे पानी की समस्या बहुत बढ़ जाती है.और इस प्याऊ की व्यवस्था से उन्हें काफी राहत मिलेगी.मौके पर मुकेश कुमार,रंजीत कुमार यादव,ऋषि यादव,अलख मिश्रा,बलराम यादव विवेक कुमार मंडल,तारकेश्वर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे !

### विद्यार्थी परिषद् का प्रतिनिधि मंडल नवनियुक्त कुलपति से की मुलाकात



**दुमका :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) की दुमका इकाई ने मंगलवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) के नवनियुक्त कुलपति प्रो.(डॉ.) कुनुल कंदीर
सम्मानित किया। इस अवसर पर एबीवीपी दुमका इकाई ने कुलपति को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी और विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र सुविधाओं और अनुसंधान को बढ़ावा देने की अपेक्षाएं व्यक्त की।मौके पर एबीवीपी दुमका विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र झा,नगर मंत्री गणेश मुर्मू, नगर सह मंत्री अमन साह, विशाल गुप्ता, विवेक धर, लखी नारायण दास, आदित्य रजक, अमित ठाकुर, विकास भगत, अनूप दत्ता,अमन शर्मा,राज केशरी आदि मौजूद थे.

### डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल दुमका के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**दुमका :** सीबीएसई द्वारा संचालित माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दी गई। परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस दुमका परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट के तीनों संकाय के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना परचम लहराया है। सफल सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार के तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफल होने पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने कहा कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफल हुए सभी बच्चे जीवन मे खूब तरक्की करे यही विद्यालय परिवार की कामना है।

## झारखंड में हिंदू धर्म रक्षा मंच मजबूती प्रदान करेगी : संतोष तिवारी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** हिन्दू समाज को जागरूक व संगठित करने एवं हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और भारतीय संस्कृति को बचाए रखने के उद्देश्य से हिंदू धर्म रक्षा मंच का एक विस्तार किया जा रहा है.जिसमें हिन्दू धर्म रक्षा मंच के महासचिव बजरंगी महतो ने केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष के निदेर्शानुसार झारखंड के प्रदेश संयोजक के रूप में कोटालपोखर निवासी संतोष तिवारी को प्रदेश संयोजक की जिम्मेवारी सौंपी है।संतोष तिवारी लंबे समय से सामाजिक जीवन में काम करने का अनुभव है उनकी बौद्धिक क्षमता बहुत ही मजबूत है.संतोष तिवारी क प्रदेश संयोजक बनने पर पूरे झारखंड में हिंदू धर्म रक्षा मंच मजबूती प्रदान करेगी.ऐसी विश्वास है।संतोष तिवारी का शुरू से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव रहा है।हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं संघ की अनुशासनात्मक गतिविधि मिलेगी।मंच के महासचिव बजरंगी महतो ने बताया कि संतोष तिवारी के नेतृत्व में हिन्दू धर्म रक्षा मंच आगे



बढ़ेगी और बहुत जल्द साहिबगंज जिला कमेटी कि भी घोषणा होगी.जिला कमेटी में नौ प्रखंडो को ध्यान में रखते हुए लगभग 50 सदस्यों कि जिला कमेटी बन रही है।जिसकी घोषणा 20 मई तक में होगी।

## हत्याकांड में शामिल आरोपी गिरफ्तार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** संजीव गुप्ता हत्याकांड मामले की खुलासा करते हुए एसडीपीओ किशोर तिर्की ने पत्रकारों को बताया कि नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड चैती दुर्गा के समीप जीएस इलेक्ट्रॉनिक के मालिक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू को शाम के वक्त दो अपराधियों ने दुकान में घुसकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। इस संबंध में नगर थाना में मामला दर्ज करते हुए एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर एसआईटी गठन किया गया। गठित एसआईटी ने मामले का सफल उद्वेदन करते हुए हत्याकांड में शामिल मनीष मंडल, कुश मंडल ,बिनोद तांती, छगुरी रजक उर्फ छुत्र गोविंद मंडल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। उन्होंने बताया कि संजीव हत्याकांड मामले का मुख्य आरोपी षड्यंत्र रचयिता पंकज मंडल घटना को



अंजाम देने के दिन से ही वह फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसआईटी ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही थी। लेकिन वह फरार हो जा रहा था। एसपी ने पंकज मंडल की गिरफ्तारी के लिए फिर एक एसआईटी का गठन किया और गुप्त सूचना मिली की पंकज भागलपुर किसी रिश्तेदार के यहां छुपे हैं। सूचना मिलते ही एसआईटी ने भागलपुर पहुंचकर पंकज के रिश्तेदार के यहां छापेमारी की जहां से पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया।साथ ही उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि संजीव हत्याकांड में शामिल गोली चलाने वाला लव मंडल अभी भी फरार चल रहे हैं।जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसआईटी छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी के दौरान नगर थाना प्रभारी शाह इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता,एसआई अनीश पांडेय,प्रदीप महतो, अभिषेक राज टाइगर मोबाइल अंकुर कुमार मंटू यादव व तकनीकी शाखा के सदस्य शामिल थे।

### जनसेवक नीरज वर्मा के निधन पर प्रखंड कर्मियों ने जताया शोक

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित जनसेवक नीरज कुमार वर्मा 42 के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को प्रखंड सभागार में शोक सभा आयोजित की गई। बीडीओ सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी के नेतृत्व में प्रखंड और अंचल के कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और गहरा शोक व्यक्त किया। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने नीरज कुमार वर्मा को व्यवहार कुशल और हमेशा कार्य के प्रति सक्रिय रहने वाला व्यक्ति बताया। वहीं, जनसेवक ओमप्रकाश साहा ने उनके सेवाकाल और बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीरज वर्मा 2012 में पहली बार पतना प्रखंड में जनसेवक के पद पर नियुक्त हुए थे और अगस्त 2024 में उनका स्थानांतरण उधवा प्रखंड कार्यालय में हुआ था।

## तपसी पंचायत में वार्षिक कार्य योजना पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** जिले केजामा प्रखंड के तपसी पंचायत स्थित तपसी आजीविका महिला ग्राम संगठन में 10 मई से 13 मई 2025 तक वार्षिक कार्य योजना पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दुमका एवं रामगढ़ जिलों से आए दक्ष प्रशिक्षकों की उपस्थिति में मंगलवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सखी मंडलों (रत्नऋ्र) की दीदी को आगामी पाँच वर्षों के लिए विकासोन्मुखी दृष्टि (विजन प्लान) तैयार करने की प्रक्रिया से परिचित कराना था। उन्हें यह सिखाया गया कि वे किस प्रकार से विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार की आय बढ़ा सकती हैं और अपने गाँव को समृद्धि की ओर अग्रसर कर सकती हैं।

इस चार दिवसीय सत्र के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और ग्राम संगठन/सखी मंडल सशक्तिकरण जैसे चार मुख्य विषयों पर चर्चा की गई। सहभागियों ने इन बिंदुओं पर सामूहिक रूप से विचार करते हुए वार्षिक कार्य योजना, गतिविधियों का कैलेंडर और बजटीय प्रस्ताव तैयार किया।

इस अवसर पर खरछढर (पलाश) से जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का, जिला प्रबंधक - कौशल विकास भोलेनाथ गुप्ता, जिला आजीविका प्रबंधक प्रणव प्रियदर्शी, जिला समन्वयक (उ्व्रऋ्ड) श्री फैज रहमान, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मिनाती सिंह, सामुदायिक समन्वयक अनिता मरण्डी तथा तपसी आजीविका महिला ग्राम संगठन की सभी सदस्य दीदियाँ और कैडर उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण सखी मंडलों और ग्राम संगठनों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा और ग्रामीण आजीविका तथा सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जनता दरबार में जिले के शहरी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित रहे।जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

## रामगढ़ प्रखंड में 1000 से अधिक चापाकल और जलमीनार फिर भी जलसंकट

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के सभी सात पंचायत के सभी 44 गांव में पेयजल की घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। पलामू जिले के जनजातीय बहुल रामगढ़ प्रखंड में आदिम जनजातियों की भी बड़ी संख्या निवास करती है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश नदी, नाला, तालाब, कुआ एवं चापाकल सूख गये हैं। इसके कारण 1000 से अधिक सरकारी चापाकल और जलमीनार लगातार डेड होते जा रहे हैं। सरकारी स्तर पर लगाए गए अधिकांश जलमीनार डेड पड़े हुए हैं। सुबह होते ही घर से दूर जाकर नदी, नाला, दोहर में बनाए गए कुआं या चुआड़ी से पानी लाकर जरूरत को पूरा किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी उलडंडा, चोरहट, बांसडीह व नावाडीह पंचायत के गोरे बलहिया आदि गांव में है। गर्मी बढ़ने के कारण जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। इससे चापाकल एवं कुआं सूख गए हैं। नल जल योजना के तहत गांव-गांव में बोरिंग कर जलमीनार लगाए गए थे परंतु अधिकांश का मोटरपंप, स्टार्टर आदि में खराबी या सोलर प्लेट चोरी हो जाने के कारण जलमीनार डेड है। रामगढ़ प्रखंड के गोरेगांव के ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार माइनिंग के ब्लास्टिंग के कारण हाल के दिनों में जल स्तर नीचे चले गए हैं। गांव के अधिकांश लोग सोते के नाला में बने कुआं से पानी लाकर पानी पीने पर मजबूर है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि रामगढ़ प्रखंड में 550 चापानल लगाए गए हैं जिसमें लगभग 15% चापाकल खराब होने के आवेदन प्राप्त हुआ है जिसे धीरे-धीरे बनाया जा रहा है। करीब 400 जलमीनार है जिसमें 80 खराब है। नाले का पानी से काम चला रहे प्रखंडवासी रामगढ़ प्रखंड के निवासी चापाकल डेड हो जाने के कारण खेतों में बनाए गए कच्चे कुंआ और नदी में चुआड़ी बनाकर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। जनजातीय गांव में जलसंकट काफी गंभीर है। चार पंचायतों में जलसंकट गहरा गया है। ग्रामीण अपने-अपने स्तर से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। उपायुक्त के निर्देश पर चापाकल की



मरम्मत कार्य शुरू हुआ है परंतु इसमें तेजी लाने की जरूरत है। रामगढ़ में 50 हजार की आबादी जूझ रही जलसंकट से रामगढ़ प्रखंड के 44 गांव में करीब 50 हजार से अधिक आबादी निवास करती है। आबादी का बड़ा हिस्सा जनजातीय समुदाय का है। विकास भी काफी प्रारंभिक चरण में है। जंगल के बीच गांव बसा होने के कारण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी मुश्किल आती है। प्रखंड में जलापूर्ति की बड़ी योजना अबतक आकार नहीं ले सकी है। सरकारी स्तर पर 1000 से अधिक चापाकल और लघु जलमीनार बनाकर आबादी को जरूरत के अनुरूप पानी सुलभ कराने का प्रयास किया गया है। परंतु वह नाकाफी है। रामगढ़ में जलस्तर नीचे जाने से गहरा गया है जलसंकट रामगढ़ प्रखंड का बड़ा हिस्सा पहाड़ी है। जनजातीय आबादी पहाड़ की तलहटी या पहाड़ पर बसी हुई है। संबंधित आबादी जलसंकट से जूझ रही है। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण कुछ चापाकल हाल के दिनों में डेट है। बारिश होने के बाद ही इसमें सुधार होने की संभावना है। नल जल योजना के साथ लगाए गए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुसार रामगढ़ प्रखंड में बोरिंग कर लगभग 400 जलमीनार लगाए गए हैं जिसमें विभिन्न कारणों से लगभग 80 खराब है। जलमीनार की खराबी दूर करने की मांग रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात होने के कारण कुछ जल मीनार के स्टार एवं अन्य सामान खराब हो गए हैं। इसे बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। नल जल योजना के तहत लगाए गए जलमीनार से अधिकांश घर-घर तक कनेक्शन नहीं दिया जा सका है, इसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जलमीनार के निर्माण से लोगों को राहत मिली है परंतु सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होने के कारण लक्ष्य के अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है। समस्या को दुरूस्त करने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है।

# ज्वेलथीफ... से ओटीटी पर बड़ी पहचान मिली...



**निकिता दत्ता अपनी नई फिल्म ज्वेलथीफ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 56 देशों में ट्रेंड कर रही है। उनसे फिल्मों और को-स्टार्स को लेकर हुई खास बातचीत...**

### क्या आप पर आप टीवी आर्टिस्ट होने का दवाब था। उस टैग से बाहर कैसे निकली?

टीवी आर्टिस्ट होने का दबाव जरूर होता है और कास्टिंग के समय इन बातों का ध्यान रखा जाता है। हालांकि, इस बात का गर्व है कि मैं उस इंडस्ट्री से आई हैं। 2018 में टीवी शो हासिल खत्म होने के बाद टीवी शो न करने का फैसला लिया था, जो कि आसान नहीं था क्योंकि इसमें अच्छे पैसे को छोड़कर फिर से ऑडिशन देना पड़ता है। इस फैसले में माता-पिता का सपोर्ट बहुत महत्वपूर्ण रहा। कबीर सिंह में काम करने के बाद मेरे लिए चीजें बदल गईं। नाम के साथ जो टीवी का टैग था, वह धीरे धीरे गायब हो गया।

### अक्षय स्टारर गोल्ड में सिमरन का किरदार कैसे मिला था?

इसका प्रोसेस आसान था। ऑडिशन हुआ और मैं सेलेक्ट हो गई। गोल्ड के बाद कबीर सिंह की शूटिंग शुरू की थी। इन दो फिल्मों के दौरान मुझमें सहनशीलता आ गई थी। मैंने तय कर लिया था कि टाइम लगे, पर चीजें बदलेंगी, मुझे पीछे नहीं हटना है। गोल्ड के लिए बहुत मेहनत की थी, उम्मीदें भी बहुत थीं, पर वो पूरी नहीं हुई। कबीर सिंह को मैंने ज्यादा सीरियसली नहीं लिया था, सोचा था कि साउथ की फिल्म सबने देखी है तो इसे क्यों देखेंगे। मैंने ऐसा डायरेक्टर भी पहली बार देखा था जिसने अपनी ही फिल्म दो भाषाओं में बनाई हो। मुझे लगा था कबीर सिंह नहीं चलेगी पर जब फिल्म आई और रिस्पॉन्स मिला, वो शॉकिंग था।

### संदीप वांगा रेड्डी से आपकी पहली मुलाकात कब हुई थी?

मुझे शूटिंग से दो हफ्ते पहले कॉल आया, जिसमें अर्जुन रेड्डी के हिंदी रीमेक के बारे में बताया गया। फिल्म न देखने पर, किरदार के बारे में बताया गया और संदीप वांगा से मिलने से पहले देखने को कहा गया। फिल्म देखने के बाद, संदीप से मुलाकात हुई, जिन्होंने फिल्म के बारे में पूछा और यह जानने के बाद कि मुझे अपना रोल समझ आ गया है, संदीप सर की तरफ से मुझे सीधे सेट पर मिलने के लिए कहा गया। कुछ कॉस्ट्यूम ट्रायल के बाद, मैंने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी। इस्तेफाक है इस फिल्म से मेरा करियर बदल गया।

### अभिषेक, शाहिद, सैफ और इमरान के साथ काम करके आपने क्या सीखा?

मैंने अभिषेक बच्चन के साथ बिग बुल में काम किया। इतने बड़े बैकग्राउंड से होने के बाद भी वो बहुत विनम्र हैं, सबसे अच्छे से पेश आते हैं और काफी मजाकिया भी हैं। उनकी एक और अच्छी बात है कि वो अपने छोटे से छोटे सीन के लिए भी क्यू देते हैं, भले ही कैमरे में न दिख रहे हों। शाहिद से एक्टिंग का प्रोसेस सीखा और इमरान में बहुत धैर्य है। सैफ भी काफी मजाकिया हैं। उनका नवाब वाला बिहेवियर है।

### आपके लिए सफलता क्या है?

सक्सेस एक बहुत ही रिलेटिव टर्म है। आप कभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं होंगे। आज अगर मैं अपनी फिल्म के होर्डिंग्स देख रही हूं, तो कल मैं और ज्यादा देखना चाहूंगी। मैं नहीं चाहती कि इसका अंत हो। सफलता हमेशा एक ऐसा पैमाना है जिसे आप बढ़ाते ही जाते हैं। मेरे लिए सफलता रात में सुकून से सोना है और अपने काम से संतुष्टी है। बाकी ओटीटी से भी करियर बदल रहा है।



# दोस्ताना 2 से बाहर हो गईं जान्हवी कपूर

फिल्म 'दोस्ताना 2' कुछ समय के लिए टाल दी गई थी, इस फिल्म में पहले जान्हवी कपूर और कार्तिक आर्यन लीड रोल के लिए चुने गए। एक बार फिर मेकर्स इस फिल्म को बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। हाल ही में इस फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। अब जान्हवी की जगह फिल्म में दूसरी एक्ट्रेस को लिया जा रहा है।

### श्रीलीला होंगी दोस्ताना 2 का हिस्सा

एक रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'दोस्ताना 2' में जाहन्वी की जगह श्रीलीला को लिए जाने की बात सामने आई है। वह फिल्म में कार्तिक आर्यन के अपोजिट नजर आएंगी। वहीं विक्रांत मैसी भी अब इस फिल्म का हिस्सा हैं, उन्हें एक्टर लक्ष्य से रिप्लेस किया गया है। 'दोस्ताना 2' करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस तले बन रही है।

### कार्तिक संग एक और फिल्म कर रहीं श्रीलीला


एक तरफ कार्तिक आर्यन और श्रीलीला 'दोस्ताना 2' में नजर आएंगे। वहीं ये दोनों एक अनाम रोमांटिक फिल्म भी कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग भी इन दिनों ये दोनों एक्टर्स कर रहे हैं। श्रीलीला साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं, वह फिल्म 'पुष्पा 2' में एक हिट आइटम डांस कर चुकी हैं।

### दोस्ताना में थी ये स्टार कास्ट

करण जौहर प्रोड्यूस फिल्म 'दोस्ताना(2008)' दर्शकों को काफी पसंद आई थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में नजर आए थे। प्रियंका पर इस फिल्म में एक गाना 'देसी गर्ल' भी फिल्माया गया, जो आज तक मशहूर है। इस फिल्म के बाद से ही प्रियंका चोपड़ा को देसी गर्ल के नाम से पुकारा जाने लगा।



# जो इतिहास में दर्ज नहीं, उन्हीं कहानियों को परदे पर लाना चाहता हूं



**नवाजुद्दीन सिद्दीकी की कोस्टाओ जी 5 पर रिलीज हुई है। फिल्म में उन्होंने कस्टम ऑफिसर कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका निभाई है, जिन्होंने गोल्ड स्मगलिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया था।**

### कास्टाओ से आपको क्या खास जुड़ाव महसूस हुआ?

मुझे ऐसी कहानियां पसंद हैं, जो अनकही होती हैं, लेकिन उनमें सच्चाई और ईमानदारी होती है। ये एक ऐसे शख्स की कहानी है, जिसने अपने कर्तव्य के लिए सब कुछ खो दिया, लेकिन हार नहीं मानी। उनके द्वारा पकड़ा गया सोना आज के हिसाब से करीब 1500 करोड़ का था। सुप्रीम कोर्ट से उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली, लेकिन आज भी वे गुमनाम हैं। ऐसे लोगों की कहानी कहने के लिए ही मैं फिल्मों का चुनाव करता हूं।

### कोई यादगार अनुभव जो फिल्म से जुड़ा हो?

एक सीन में, मैं पानी में डुबकी लगा रहा था और पास ही मगरमच्छ था, बिलकुल अनप्लान्ड। ईश्वर की दया से सब ठीक रहा।

फिल्म के सेट पर शूटिंग का अनुभव कैसा रहा?

शानदार, प्रिया बापट जैसी बेहतरीन एक्ट्रेस और गगनवीर जैसे टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करके बहुत मजा आया। एक अच्छा सीन तभी बनता है जब एक्टर्स अच्छे हों।

### आप ऑडियंस को क्या मैसेज देना चाहेंगे?

यह एक सच्ची कहानी है। हमने इसे नाटकीय नहीं बनाया है। परिवार के साथ बैठकर देखने लायक है।

### साउथ की पैन इंडिया फिल्मों पर आपकी राय?

मेरे हिसाब से अच्छा सिनेमा किसी भी भाषा या जगह का हो, उसे सराहा जाना चाहिए। साउथ की भी सभी फिल्में हिट नहीं होतीं। लोगों को आजकल कहानी में ज्यादा इंटरेस्ट आ रहा है।

### एक्टर का किरदार कहानी में कितना जरूरी होता है?

कहानी जितनी जरूरी है, किरदार उतना ही अहम होता है। मेरा ध्यान इस पर रहता है कि मेरा रोल किस तरह से गढ़ा गया है।

### सोशल मीडिया पर आपकी क्या राय है?

सोशल मीडिया के दो पहलू हैं, अच्छे कंटेंट वाले लोग भी हैं, लेकिन यंग जनरेशन के लिए ये समय बर्बादी का जरिया भी बनता जा रहा है।



# हर्षवर्धन राणे की 'चेतावनी' के बाद सनम तेरी कसम 2 से पाकिस्तानी एक्ट्रेस की छुट्टी

'सनम तेरी कसम' के अभिनेता हर्षवर्धन राणे की 'चेतावनी' के बाद फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के सीक्वल को लेकर अहम घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी अभिनेत्री अपकमिंग फिल्म का हिस्सा नहीं बनेंगी। निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू ने सनम तेरी कसम 2 से पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन को बाहर किए जाने की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों के खिलाफ भारत में काम करने वाले पाकिस्तानी कलाकारों की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। भारत के खिलाफ उनकी टिप्पणी गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। निर्माताओं ने कहा, आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। यह निराशाजनक है कि भारत में काम करने वाले कुछ कलाकार इस मामले में चुप्पी साधे रहे। उन्हें यहां से खूब प्यार, सम्मान और बड़ा अवसर मिला, फिर भी वे भारत के खिलाफ इस तरह के आतंकवादी कृत्यों के बारे में कुछ नहीं बोले। हम अपने देश और सरकार के साथ खड़े हैं और उनके फैसले का पूरा समर्थन करते हैं। देश सबसे पहले है और हमेशा रहेगा।

इससे पहले, हर्षवर्धन राणे ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर स्पष्ट किया था कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे न कह देंगे। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं सनम तेरी कसम भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा। बता दें, साल 2016 में आई फिल्म 7 फरवरी 2025 को दोबारा रिलीज की गई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की और फ्लॉप से हिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई।

# भारतीय शतरंज खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन कई इंटरनेशनल टूर्नामेंट में बिखेरी चमक

**नई दिल्ली :** भारतीय चेस खिलाड़ी वर्तमान में दुनिया भर में चल रहे कुछ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। आइए नजर डालते हैं कुछ प्रमुख टूर्नामेंट में, जिनमें मंगलवार को भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा

**एशियन चेस चैंपियनशिप 2025**

भारतीय शतरंज खिलाड़ियों ने एशियन चेस चैंपियनशिप में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। ओपन सेक्शन में पांच पुरुष और वीमेन सेक्शन में चार भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप 10 में शामिल हैं। महिला वर्ग में सेषाद्री रिजा ने पांच में से पांच मुकाबले जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। ओपन सेक्शन में भारत के एल. श्रीहरि चौथे स्थान पर हैं, जबकि ईरान के बर्दिया दानेशवर शीर्ष पर



हैं। भारत के कार्तिकियन मुरली और निहाल सरीन भी टॉप 10 में शामिल हैं – क्रमशः सातवें और दसवें स्थान पर। यह चैंपियनशिप न केवल एशियन चैंपियन का खिताब तय करती है, बल्कि 2025 फाइडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर भी है।

**ग्रांड चेस टूरः सुपरबेट चेस क्लासिक रोमानिया 2025**

ग्रांड चेस टूर 2025 के दूसरे चरण और क्लासिकल इवेंट ह्यसुपरबेट चेस क्लासिक रोमानियाह्न में भारत के डी. गुकेश को राउंड 6 में अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। छह राउंड के बाद गुकेश केवल 2 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वहीं, भारत के दूसरे प्रतिभागी आर. प्रज्ञानानंद ने जान-क्रिजटोफ डूडा से ड्रॉ खेला। उनके अब 6 में से 4.5 अंक हैं और वह अलीरेजा फिरोजा, फबियानो कारुआना और मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

**फाइडे वीमेन ग्रां प्री 2024-2025**

फाइडे महिला ग्रां प्री श्रृंखला के ग्रॉसलोबमिंग चरण में अन्ना मुज्यचुक और झू जिनेर 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारत की आर. वैषाली सातवें राउंड में अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक से हारने के बाद चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तान झोंगयी, जो मौजूदा महिला वर्ल्ड चैंपियनशिप की रनर-अप हैं, 4.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यह ग्रॉसलोबमिंग लेग 2024झ2025 महिला ग्रां प्री की अंतिम प्रतियोगिता है और यह अगली वीमेन कैंडि-डेट्स टूर्नामेंट के लिए अहम क्वालिफिकेशन इवेंट है।

# देहरादून करेगा अगले महीने राइफल/पिस्टल स्पधाओं के नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 की मेजबानी

**नई दिल्ली :** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने घोषणा की है कि ग्रुप 'ए' निशानेबाजों के लिए राइफल और पिस्टल स्पधाओं में नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 का आयोजन 24 से 30 जून, 2025 तक देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के त्रिशूल शूटिंग रेंज में किया जाएगा। ये ट्रायल्स अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 और वर्ष के अंत में चीन और मिस्र में होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम चयन में अहम भूमिका निभाएंगे।

देश के शीर्ष राइफल और पिस्टल निशानेबाज इन चयन ट्रायल्स में उस आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे, जो उन्होंने अर्जेंटीना और पेरू में आयोजित दो चरणों की साउथ अमेरिकन आईएसएसएफ वर्ल्ड कप श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर अर्जित किया है। इस दौरे में भारतीय निशानेबाजों ने 32 फाइनल मुकाबलों में जगह बनाई, जिसमें मिश्रित टीम स्पधाएं भी शामिल थीं, और कुल 15 पदक जीते जिनमें छह स्वर्ण पदक थे।



चयन मानदंडों के अनुसार केवल ग्रुप ऱएऱ में शामिल पात्र निशानेबाजों को ही इन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति होगी। नेशनल सेलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 में सभी ओलंपिक राइफल और पिस्टल स्पधाओं को शामिल किया जाएगा और इसमें केवल शीर्ष रैंकिंग वाले सीमित संख्या में निशानेबाज ही भाग लेंगे। इसमें 10 मीटर एयर राइफल (पुरुष एवं महिला) और 10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष एवं महिला) में 50-50 स्लॉट, 50 मीटर रा-इफल थ्री पोजीशन (पुरुष एवं महिला) में 30-30 स्लॉट, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (पुरुष) में 20 स्लॉट और 25 मीटर स्पोर्ट पिस्टल (महिला) में 30 स्लॉट होंगे। ट्रायल्स का पहला दिन, 25 जून, ट्रायल-3 के तहत 10 मीटर एयर राइफल पुरुष, 25 मीटर पिस्टल महिला और 50 मीटर थ्री पोजीशन महिला स्पधाओं के क्वालिफाइंग राउंड और फाइनल के साथ शुरू होगा। अगले दिन ट्रायल-4 में इन्हीं स्पधाओं के क्वालिफाइंग और फाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

# मध्य प्रदेश में आज भोपाल समेत 25 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना, जबलपुर-ग्वालियर में रहेगी गर्मी

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ है। प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। दिन में जहां तीखी धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है, तो वहीं दोपहर बाद बादल छाने और कहीं छिटपुट तो कहीं तेज बारिश हो रही है। आज बुधवार को भी राजधानी भोपाल समेत 25 जिलों में तेज आंधी और बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन-नर्मदापुरम संभाग में भी मौसम बदला रहेगा, जबकि जबलपुर-ग्वालियर में गर्मी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को जिन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है, उनमें भोपाल,



मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खरगोन, खंडवा, हरदा, देवास, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट शामिल हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 17 मई तक कई जिलों में तेज आंधी चलने और बारिश की संभावना है। इससे पहले मंगलवार को प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। भोपाल में दोपहर में तेज बारिश हुई। करीब आधे घंटे में पूरा शहर तरबतर हो गया। हवा की रफ्तार तेज होने से बड़े तालाब में एक से डेढ़ फीट ऊंची लहरें उठीं। धार, रतलाम में भी बारिश हुई। वहीं, बालाघाट के मलाजखंड में सवा इंच से ज्यादा पानी गिर गया।

बारिश-आंधी के बीच कई शहरों में गर्मी का असर भी देखने को मिला। सबसे गर्म खजुराहो रहा। जहां तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। नौगांव में 42 डिग्री, सतना में 41.8 डिग्री, रीवा में 41.2 डिग्री, उमरिया में 41.1 डिग्री, टीकमगढ़ में 41 डिग्री, सीधी में 40.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 40.4 डिग्री, गुना में 40.2 डिग्री और मंडला में पारा 40 डिग्री सेल्सियस रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 38.2 डिग्री, इंदौर में 36.3 डिग्री, ग्वालियर में 41.4 डिग्री, उज्जैन में 38.5 डिग्री और जबलपुर में पारा 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून की शुरुआत 15 जून को हो सकती है। मंगलवार को मानसून ने अंडमान द्वीप में दस्तक दे दी। अब यह धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा और 15 जून तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्से यानी बालाघाट, सिवनी, मंडला, बैतूल, बुरहानपुर आदि जिलों के रास्ते से प्रदेश में दस्तक देगा।

# देश रहेगा तो हम रहेंगे, इस सोंच के साथ काम करतें है बीजेपी के कार्यकर्ता: संजय

एजेंसी

**प्रयागराज :** सर्व प्रथम देश रहेगा तो हम रहेंगे। पूरे विश्व ने देखा कि भारत वर्ष की सैन्य शक्ति ने अपना शौर्य दिखाया और आतंक वादियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान की पोल खुल गई। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति एवं सेना को खुली छूट ने यह साबित कर दिया है कि पाकिस्तान के मन्सूबे कभी कामयाब नहीं हो सकते। यह बात बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से औपचारिक मुलाकात में हुई वार्ता में भारतीय जनता पार्टी के प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कही। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त संजय गुप्ता 16 वर्ष की उम्र से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा जाना शुरू किया और उनमें राष्ट्रवादी सोंच बचपन से रही। वह प्राथमिक शिक्षा पूरी करने के बाद आगे बढ़ते रहे और



इलाहाबाद विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान से एमएससी की परीक्षा उत्तीण किया। इसके बाद संजय गुप्ता ने एल.एल.बी की भी शिक्षा ली। इस दौरान वह अपने परिवारिक कारोबार को भी आगे बढ़ाते रहे। वर्ष 1998 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ गए। लगातार भाजपा के लिए संघर्ष करते रहे। इस दौरान उनका पार्टी के प्रति निष्ठा बढ़ती चली गई और काम करते रहे। संजय गुप्ता ने बताया कि मुझे कभी आशा भी नहीं थी कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज महानगर का भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदारी सौपेगी। देश में भाजपा ही ऐसा संगठन है जहां जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को बड़ी सी बड़ी जिम्मेदारी देती है। भारतीय जनता पार्टी का संगठन विश्व में सबसे बड़ा संगठन है। प्रयागराज महानगर की जिम्मेदारी मुझे दी गई है। जिम्मेदारी मिलने के बाद से ही लगातार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित देश के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से लगातार सम्पर्क बनाने के साथ ही प्रयागराज जैसे महानगर में पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं की चिंता के साथ ही अपने काम में लग गया हूं। केन्द्र की मोदी एवं प्रदेश की योगी सरकार लगातार देश की जनता के हित में दिनरात काम कर रहें है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की नीतियों ने माफिया, अपराधियों एवं भूमाफियों की पूरी तरह से कमर तोड़ चुकी है। सरकार लगातार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए काम कर रही है। पार्टी ने हमे जो जिम्मेदारी दी है उसे निष्ठा और कड़े परिश्रम के साथ लगातार निभाने का प्रयास कर रहा हूं।

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में सैनिक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

एजेंसी

**हमीरपुर :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के छात्रों ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और समर्पण का स्पष्ट प्रमाण है। सैनिक स्कूल प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में कैडेट क्षितिज चौधरी ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, कैडेट पराग ने 98 प्रतिशत, और कैडेट वैभव कुमार सिंह तथा कैडेट अरमान ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस कक्षा में 38 कैडेट्स ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इसी तरह, कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। कैडेट हिमांशु ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कैडेट प्रणव शर्मा और कैडेट भार्गव सोनी ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्य, ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने इन उत्कृष्ट परिणामों के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में भी सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में सभी सैनिक स्कूलों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रिंसिपल मीट के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य को रक्षा राज्य मंत्री अजय सेठ द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्कूल के होनहार कैडेट्स भविष्य में भी राष्ट्रीय सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरवान्वित करेंगे

# माइक्रोसॉफ्ट में छंटनी, 6000 कर्मचारी होंगे प्रभावित, नौकरी का संकट

एजेंसी

**वाशिंगटन :** टेक दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने मंगलवार को छंटनी शुरू की है। इससे लगभग 6,000 कर्मचारी प्रभावित होंगे। यह कंपनी के कुल कार्यबल का लगभग तीन फीसद है। माइक्रोसॉफ्ट की यह दो साल से अधिक समय बाद सबसे बड़ी छंटनी है। इस समय कंपनी का सबसे अधिक फोकस कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर है। सीएनबीसी की खबर के अनुसार, इसका सबसे बड़ा झटका कंपनी के गृह राज्य वाशिंगटन पर पड़ा है। माइक्रोसॉफ्ट ने राज्य को सूचित किया कि रेडमंड मुख्यालय से संबद्ध 1,985 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। इनमें से कई सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग और उत्पाद प्रबंधन भूमिका में हैं। माइक्रोसॉफ्ट के प्रवक्ता ने कहा कि छंटनी सभी स्तरों और भौगोलिक क्षेत्रों में होगी। कर्मचारियों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएनबीसी की खबर के अनुसार, टेक दिग्गज के इस




फैसले से लगभग 6,000 कर्मचारी सर्वाधिक प्रभावित होंगे। प्रवक्ता ने बयान में कहा कि यह गतिशील बाजार में सफलता के लिए कंपनी को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाने के लिए जरूरी है। बयान में उम्मीद जताई गई है कि तिमाही शुद्ध आय 25.8 बिलियन डॉलर होगी। पिछले साल जून के अंत में माइक्रोसॉफ्ट के दुनिया भर में 228,000 कर्मचारी थे। कुल मिलाकर यह 2023 में 10,000 पदों को समाप्त करने के बाद से कंपनी की सबसे बड़ी छंटनी है। जनवरी में कंपनी ने कर्मचारी के प्रदर्शन के आधार पर छंटनी की शुरुआत की थी। प्रवक्ता ने साफ किया है ताजा छंटनी का प्रदर्शन से कोई लेना देना नहीं है। इसका बड़ा उद्देश्य प्रबंधन को आर्थिक दबाव से मुक्त रखना है। जनवरी में सीईओ सत्य नडेला ने विश्लेषकों से कहा था कि अब कंपनी का फोकस एआई क्लाउड पर होगा। सोमवार को माइक्रोसॉफ्ट के शेयर 449.26 डॉलर पर कारोबार कर रहे थे, जो इस साल अब तक का सबसे उच्चतम मूल्य है। पिछले साल जुलाई में रिकॉर्ड 467.56 डॉलर पर बंद हुए थे।

# बलरामपुर : आरक्षक हत्याकांड मामले में जनहित याचिका के रूप में हाईकोर्ट में होगी प्रकरण की सुनवाई

एजेंसी

**बलरामपुर :** रेत तस्करी में प्रयुक्त ट्रेक्टर से कुचलकर आरक्षक की हत्या के मामले में बलरामपुर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपितों की तलाश तेज कर दी गई है। कुछ संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है। आज बुधवार को बलरामपुर पुलिस इस मामले का खुलासा कर सकती है। इस घटना के बाद से सनावल व आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों में भी नाराजगी है। वे रेत तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, रविवार रात 11 बजे वन विभाग को सनावल क्षेत्र के ग्राम कुशफर के समीप वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली थी। इस पर वन विभाग की टीम के साथ सनावल थाना के चार आरक्षक मौके पर रवाना हुए थे। मौके पर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों ने अतिक्रमण के विरुद्ध पंचनामा तैयार कर कार्रवाई की। इसके बाद टीम को सूचना मिली कि ग्राम लिबरा के कन्हर नदी में रेत खनन किया जा रहा है। टीम जैसे ही लिबरा पहुंची, वहां मौजूद अवैध रूप से रेत भरते ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर भागने लगे थे। आरक्षक शिवबचन सिंह (43वर्ष ) ने एक ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय तेजी से ट्रैक्टर बढ़ाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया था। ट्रैक्टर की चपेट में आने से आरक्षक की मौके पर ही मौत हो गई।

इस घटना के बाद सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा ने सनावल थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडेय को निलंबित कर दिया था। उत्तर छत्तीसगढ़ में रेत तस्करी का धंधा वर्षों से चल रहा है लेकिन किसी शासकीय सेवक को रेत तस्करी में प्रयुक्त वाहन से कुचलकर मारने की यह पहली घटना है। घटना के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमों को आरोपितों की गिरफ्तारी में लगाया गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में बलरामपुर जिले में रेत तस्करी को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाया था। राजनैतिक और प्रशासनिक संरक्षण में रेत तस्करी का आरोप लगाकर भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। वर्तमान केबिनेट मंत्री रामविचार नेताम की अगुवाई में रेत तस्करी के विरोध में भाजपाइयों ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की थी। अब छत्तीसगढ़ में सरकार बदल गई है लेकिन बलरामपुर जिले में रेत तस्करी बदस्तूर जारी है। जबकि गांववाले इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। झारखंड की सीमा पर बलरामपुर जिले का अंतिम ग्राम पंचायत धौली है।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड: 12वीं व 10वीं के परिणाम इस माह के अंत तक

**जयपुर :** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बारहवीं व दसवीं परीक्षा के परिणाम इस माह की अंत तक जारी हो सकते हैं ।बारहवीं का परिणाम लगभग तैयार हो चुका है, वहीं, दसवीं के लिए अभी मूल्यांकन का अंतिम चरण चल रहा है। बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि बारहवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, वहीं, परीक्षा परिणाम की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। दसवीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य भी अंतिम चरण में है। इसके बाद परीक्षा परिणाम की प्रक्रिया शुरू होगी। मई माह के अंतिम सप्ताह में बोर्ड की सभी परीक्षाओं का परिणाम जारी करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल निश्चित तारीख की घोषणा संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2025 की परीक्षा में कुल 19 लाख 98 हजार 509 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसमें उच्च माध्यमिक के लिए 8 लाख 91 हजार 190, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 3 हजार 910, माध्यमिक परीक्षा के लिए 10 लाख 96 हजार 85, प्रवेशिका में 7 हजार 324 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

# हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 265 अंक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दिख रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 264.70 यानी 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 81,412.92 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 104.95 अंक यानी 0.43 फीसदी की बढ़त के साथ 24,683.30 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले बीते दिन की गिरावट से उबरते हुए शेयर बाजार में उछाल देखा गया। शुरुआती



कारोबार में हरियाली दिखाते हुए सेंसेक्स 281.43 अंक चढ़कर 81,429.65 अंक पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी भी 96.65 अंक चढ़कर 24,675 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर में तेजी है। टाटा स्टील के शेयर में करीब 5 फीसदी की तेजी है। वहीं, जोमैटो, एयरटेल, टेक महिंद्रा, एमएंडएम के शेयरों में करीब 2 फीसदी का उछाल है, जबकि टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और एचयूएल का शेयर 1.5 फीसदी नीचे हैं। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 शेयर में उछाल है। इसके अलावा एनएसई के सभी सेक्टर्स में तेजी है। सबसे ज्यादा बढ़त मेटल सेक्टर में 2.81 फीसदी रियल्टी में 2.04 फीसदी, ऑयल एंड गैस में 1.13, आईटी में 1.07 फीसदी, मीडिया में 0.93 फीसदी और ऑटो में 0.82 फीसदी दिख रही है। ऐसे ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे बढ़कर 85.05 पर पहुंच गया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बीएसई का सेंसेक्स 1,281.68 अंक यानी 1.55 फीसदी टूटकर 81,148.22 पर बंद हुआ था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 फीसदी फिसलकर 24,578.35 के स्तर पर बंद हुआ था।

# 'हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर कोई हमें छेड़ेगा तो उसे छोड़ेंगे भी नहीं', तिरंगा यात्रा में बोले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ :** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जश्न मनाने के उद्देश्य से देशभर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भाजपा की ओर से आयोजित 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए देश की तीनों सेनाओं के बहादुर जवानों को बधाई दी। उन्होंन कहा कि इस ऑपरेशन के माध्यम से हमारे बहादुर जवानों ने दुनिया को संदेश दिया है कि हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो फिर उसको छोड़ेंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि भारत की तरफ जो अंगुली उठाएगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। पाकिस्तान को विफल राष्ट्र बताते हुए योगी ने कहा कि दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान एक विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी दुनिया को बताई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को निगल लेगा। मुख्यमंत्री योगी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के लिए हम राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ काम करें। जब सभी भारतवासी एकजुट होकर लगेंगे तब दुनिया की कोई भी ताकत देश के सामने टिकेगी नहीं। योगी ने कहा कि तिरंगा भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है।

## न्यूज IN बिजनेस

### चपीटीयू: अब 17 मई को होगी प्रवेश परीक्षा

**हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एचपीसीईटी-2025) अब 17 मई को एक ही दिन में होगा। तकनीकी विवि ने प्रवेश परीक्षा की नई तिथि जारी की है। अब प्रदेश में प्रवेश परीक्षा के लिए 16 केंद्र स्थापित किए गए हैं। चंडीगढ़ में प्रस्तावित परीक्षा केंद्र अब नालागढ़ में स्थापित करने का फैसला लिया है, जहां 376 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा बिलासपुर में 889, चंबा में 200, गौतम कॉलेज हमीरपुर में 1900, तकनीकी विवि परिसर में 620, कुल्लू में 180, मंडी में 1341, डीएवी कांगड़ा में 1000, नगरोटा बगवां में 653, पालमपुर में 778, आरकेएमवी शिमला में 634, सिरमौर में 107, सोलन में 223, उना में 818 अभ्यर्थी सुबह के सत्र में परीक्षा देंगे। वहीं, सांय के सत्र के लिए चार स्थानों पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए हैं, जिसमें डीएवी कांगड़ा में 260, मंडी में 62, सोलन में 56 और तकनीकी विवि परिसर हमीरपुर में 397 परीक्षा देगें। बता दें कि इस वर्ष 10517 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं, जिसमें स्नातक विषयों में 9782 और स्नातकोत्तर में 735 आवेदन हैं। बीटेक में 5387, बी फार्मेसी में 3408, एमसीए में 322 एमबीए में 346, बीएचएमसीटी में 38, बीएससी एचएम में 50, एमएससी फिजिक्स में 25, एमएससी पर्यावरण विज्ञान में 23 और एमबीए पर्यटन में 11 आवेदन हैं। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि एचपीसीईटी-2025 की परीक्षा के लिए प्रदेश के 10 जिला में 16 परीक्षा केंद्र स्थापित करने की तैयारियां पूरी कर ली है। अभ्यर्थियों को अब नए एडमिट कार्ड जारी किए हैं, जिसमें प्रवेश परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश भी अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे। 10 मई को सुबह के सत्र में बीटेक (डायरेक्ट एंट्री), बी फार्मेसी (डायरेक्ट एंट्री) व एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान और सायं के सत्र में एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, बीएससी (एचएम एंड सीटी) व बीएचएमसीटी की प्रवेश परीक्षा होगी।

**नियमित सेमेस्टर की परीक्षा में बदलाव :** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय ने 17 मई को प्रस्तावित बीटेक, बी फार्मेसी सहित अन्य विषयों के नियमित सेमेस्टर व रि-अपीयर परीक्षा स्थगित की है। कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के चलते यह निर्णय लिया गया है। 17 मई को होने वाली परीक्षाओं की नई तिथि जल्द जारी की जाएगी।

### एम्बुलेंस में बेच रहे थे चिट्टा, दो आरोपी धरे गए

**शिमला :** जिला शिमला के पुलिस थाना सुन्नी के अंतर्गत नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक एम्बुलेंस में चिट्टा (हेरोइन) बेचते पकड़े गए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसे लेकर शिकायत राजेश पुत्र किशोरी लाल निवासी बसंतपुर ने की थी। राजेश ने अपने बयान में बताया कि उसे सूचना मिली थी कि कुछ युवक एम्बुलेंस नंबर HP07F-1670 में चिट्टा बेच रहे हैं।

राजेश ने अन्य स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंगलवार को जब बसंतपुर क्षेत्र में संदिग्ध एम्बुलेंस को रोका और चालक से पूछताछ की तो जितेश चौहान नामक एम्बुलेन्स चालक ने डैशबोर्ड में रखे चिट्टा/हेरोइन को दिखाया। यह देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस थाना सुन्नी को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस से दोनों युवकों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेश चौहान पुत्र निवासी गांव व डाकघर गुमा, तहसील व जिला शिमला (उम्र 26 वर्ष) और दीपांशु चौहान पुत्र निवासी लोअर फागली, तहसील व जिला शिमला (उम्र 29 वर्ष) के रूप में हुई है। ये एम्बुलेंस एक निजी सोसायटी द्वारा संचालित की जा रही थी। पुलिस ने नियमानुसार एम्बुलेंस को जब्त कर चिट्टा कब्जे में लिया और आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई। सुन्नी के प्रभारी ने बुधवार को बताया कि इस मामले में जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी चिट्टे की सप्लाई कहां से करते थे तथा किन लोगों को यह नशा बेचा जा रहा था।

### वाहनों की बैटरी चुराने वाले गगिरोह के दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन क्रैकडाउन अनवरत जारी है। मंगलवार के रात में सिहानी गेट पुलिस ने दिन और रात में खड़े वाहनों की बैटरी चुराने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस की तरफ से चली गोली से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की रात में पुलिस को खबर मिली की डीपीएस कट पर कुछ बदमाश आने वाले हैं। इसी दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी सामने से स्कूटी पर संदिग्ध अवस्था में आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने के लिए कहा गया। तो वह तेजी से स्कूटी चलाकर भागने लगे जिन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर रोकने प्रयास किया गया तो वे पुलिस की चेकिंग से बचते हुए हमदर्द ग्राउंड की तरफ भागे ।जहां पर स्कूटी फिसल गई और बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश आँशु के पैर में गोली लगी और वह नीचे गिर गया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। घायल बदमाश का नाम आशु उर्फ आस मोहम्मद है जो मोहल्ला मेवातियाँन पीपल वाली मस्जिद के पास दादरी का निवासी है। जब के उसके साथ का नाम प्रमोद है जोब्रिज बिहार थाना मुरादनगर का निवासी है। एसीपी मिश्रा ने बताया कि आशु के विरुद्ध थाना मसूरी में 06 अभियोग , थाना इंद्रापुरम पर 05 अभियोग , थाना धौलाना पर 02, थाना फेज थर्ड नोएडा पर 01, थाना हसनपुर अमरोहा पर 01 अभियोग, थाना सिहानी गेट 03, कुल 18 अभियोग पंजीकृत है। जबकि प्रमोद उपरोक्त के विरुद्द थाना सिहानी गेट पर 03 अभियोग पंजीकृत है। इसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर,

### श्रीलंका में छह डॉल्फिन समुद्र तट पर मिलीं, चोट देखकर विज्ञानी चिंतित

**कोलंबो :** श्रीलंका में कम से कम छह डॉल्फिन समुद्र तट पर मिली हैं। सभी चोटिल हैं। इससे वन्यजीव विज्ञानी चिंतित आश्चर्यचकित हैं। वह इसकी वजह के लिए अशांत समुद्री परिस्थितियों की ओर इशारा कर रहे हैं। देश के वरिष्ठ वन्यजीव अधिकारियों ने इसके निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए अध्ययन शुरू किया है। डेली मिरर की खबर में वन्यजीव अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि कलूटारा साउथ बीच पर कम से कम छह डॉल्फिन बहकर किनारे पर आ गईं। वन्यजीव संरक्षण विभाग की पशु चिकित्सा इकाई के अधिकारियों ने कहा कि डॉल्फिन को स्पष्ट चोटों के साथ पाया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में अशांत समुद्री परिस्थितियों की भी भूमिका हो सकती है। इसलिए, कलूटारा साउथ बीच के आसपास की सटीक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। मुद्रीय विज्ञानियों के अनुसार, डॉल्फिन को चोट लगने के कई कारण हो सकते हैं। इनमें कुछ मुख्य कारण हैं- मछली पकड़ने के उपकरणों में उलझना। महासागर का प्रदूषण। आवास की हानि। जलवायु परिवर्तन और ध्वनि प्रदूषण। डॉल्फिन का शिकार। गैर जिम्मेदार पर्यटन। इसके अतिरिक्त नावों से टकराना, फंगल संक्रमण और मनुष्यों का प्रताड़ित करना भी डॉल्फिन को चोट पहुंचाने का कारण बन सकता है। श्रीलंका के दक्षिणी समुद्र के जल में ब्लू व्हेल, ब्राइड्स व्हेल, स्पर्म व्हेल, फिन व्हेल, बॉटल नोज डॉल्फिन, कॉमन डॉल्फिन और स्पिनर डॉल्फिन पाई जाती हैं। कलपिटिया के जल में स्पिनर डॉल्फिन के बड़े समूह पाए जाते हैं। यहां स्पर्म व्हेल, ब्लू व्हेल, पिग्मी स्पर्म व्हेल और पायलट व्हेल भी बड़े समूहों में देखे जाते हैं। शर्मीली पिग्मी किलर व्हेल और पेलाजिक मेलन-हेडेड व्हेल इंसानों को शायद ही कभी दिखाई देती हैं। लेकिन वह श्रीलंका के समुद्र में पूरे साल रहती हैं।

